डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक    संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा




वर्ष-12 अंक-07    प्रयागराज, रविवार 12 फरवरी 2023 से शनिवार 18 फरवरी 2023 तक    पृष्ठ- 8    मूल्य: 3 रूपये

सिनेमाः कार्तिक आर्यन की 'शहजादा' को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी,यू एस ए सर्टिफिकेट के साथ हुई पास पेज.नं0-08

## ब्रीफ न्यूज

### बेंगलुरु में आईएसआईएस का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार, पुलिस और केंद्रीय एजेंसी ने मिलकर दबोचा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरू।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक संदिग्ध आतंकी को धर दबोचा है। आईएसआईएस के संदिग्ध आतंकी का नाम आरिफ बताया जा रहा है। पुलिस और एजेंसी ने संयुक्त रूप से ये कार्रवाई की है राज्य के गृह मंत्री ने भी इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसी और पुलिस ने मिलकर एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध के अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन से जुड़े होने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध विदेश जाने की फिराक में था। सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने आईएसआईएस और अल-कायदा से जुड़े संदिग्धों के खिलाफ आज बेंगलुरु और मुंबई में तलाशी ली थी। तलाशी के बाद बेंगलुरु से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया।

### फाइलेरिया से निपटने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुरू किया राष्ट्रव्यापी अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने लसिका फाइलेरिया को खत्म करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान शुरू किया है। मंत्रालय ने विशेष रूप से 10 प्रभावित राज्यों में फाइलेरिया रोधी दवाओं को प्रशासन के माध्यम से घर-घर पहुंचा कर फाइलेरिया रोग के संचरण को समाप्त करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी जन औषधि प्रशासन (एमडीए) अभियान शुरू किया है। मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान के अनुसार, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, ओडिशा, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश ने संयुक्त रूप से अभियान शुरू किया? है। स्वास्थ्य मंत्रालय का यह लांच वैश्विक लक्ष्य से 3 साल पहले 2027 तक फाइलेरिया को खत्म करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से शानदार समर्थन प्राप्त करने के 1 महीने बाद आया है। भारत ने लसीका फाइलेरिया (एलएफ) को खत्म करने के प्रयासों को तेज कर दिया है।

## पूर्व सीएम ओमान चांडी को अस्पताल में कराया भर्ती, इलाज के लिए बेंगलुरु किया जाएगा ट्रांसफर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओमन चांडी को नेय्यात्तिनकारा के एक निजी



अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह जानकारी ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (ंिघ्ण्) के प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दी है। उन्होंने बताया कि ओमन चांडी को आगे के इलाज के लिए बेंगलुरु ट्रांसफर किया जाएगा। अस्पताल में चांडी से मिलने के बाद वेणुगोपाल ने कहा कि डॉक्टरों ने सूचित किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री निमोनिया से मुक्त हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के निर्णय के अनुसार चांडी को बेंगलुरु के एक अस्पताल में स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह थकावट महसूस कर रहे हैं।वेणुगोपाल ने बताया कि डॉक्टरों का कहना है कि वह अब निमोनिया से मुक्त हैं। मैं पार्टी अध्यक्ष के निर्देश पर उनसे मिला हूं। वेणुगोपाल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि उन्हें बेंगलुरु स्थानांतरित किया जाएगा और एआईसीसी यात्रा और उपचार के लिए आवश्यक व्यवस्था करेगी। बेटे चांडी ओमन बोले- परिवार के खिलाफ हो रहा दुष्प्रचार इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चांडी ओमन ने भी पुष्टि की है कि उन्हें निमोनिया कम हो गया है और उनके को बेंगलुरु स्थानांतरित कर दिया जाएगा। ओमन ने यह भी आरोप लगाया कि उनके पिता के स्वास्थ्य को लेकर उनके परिवार के खिलाफ झूठा प्रचार किया जा रहा है। ओमन ने कहा कि जब उनका निमोनिया का इलाज चल रहा था, तब भी परिवार के खिलाफ झूठे अभियान चलाए जा रहे थे। हमें किसी भी तरह के इलाज से कोई समस्या नहीं है। फर्जी खबरें फैलाना सही नहीं है। मेरे पास सभी मेडिकल रिकॉर्ड हैं। बता दें कि ओमान चांडी की तबीयत 2019 से ठीक नहीं चल रही है। चांडी को गले से संबंधित बीमारी बढ़ने के बाद कुछ महीने पहले ही उन्हें जर्मनी ले जाया गया था। वह केरल के दो बार मुख्यमंत्री भी रहे हैं। साल 1970 से राज्य विधानसभा में पुथुपल्ली निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं।

## पैगंबर मोहम्मद से है दाऊदी बोहरा समुदाय का नाता, भारत से मिस्त्र तक फैली है आबादी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मुंबई की अपनी यात्रा के दौरान दाऊदी बोहरा समुदाय के शैक्षणिक संस्थान अल जामिया-तुस-



सैफियाह अरबी अकादमी के नए परिसर का उद्घाटन किया। ऐसा पहली बार नहीं है, जब पीएम मोदी ने दाऊदी बोहरा समुदाय के किसी कार्यक्रम में शिरकत की है। इससे पहले पीएम मोदी दाऊदी बोहरा समुदाय की एक मस्जिद में भी जा चुके हैं। ऐसे में आपको दाऊदी बोहरा समुदाय के बारे में कुछ खास बाते बताते हैं दरअसल, दाऊदी बोहरा शिया और सुन्नी दोनों होते हैं। हालांकि, ये समुदाय शिया मुस्लिम संप्रदाय का हिस्सा है। वह पूर्ण रूप से इस्लामिक कानून को मानते हैं। दाऊदी बोहरा समुदाय की विरासत फातिमी इमामों से जुड़ी है, जिन्हें पैगंबर मोहम्मद का वंशज माना जाता है। यह समुदाय मुख्य रूप से इमामों के प्रति ही अपनी श्रद्धा रखता है। दाऊदी बोहरा समुदाय सभी मुसलमानों की तरह दिन में पांच बार नमाज पढ़ते हैं।इसके अलावा वह रमजान के महीने में रोजा रखते हैं और हज-उमराह करते हैं, साथ ही जकात भी देते हैं। दाऊदी बोहरा समुदाय की दुनिया भर में संख्या दस लाख से कुछ अधिक जनसख्या है। इनमें अधिकांश जनसंख्या भारत के गुजरात, मुंबई और पाकिस्तान के कराची में हैं। इसके अलावा यूरोप, उत्तरी अमेरिका और पूर्वी अफ्रीका में भी बोहरा समुदाय के लोग रहते हैं। गुजरात के सूरत में मस्जिद-ए-मोअज्जम दाउदी बोहरा समुदाय की सबसे बड़ी मस्जिद है।बोहरा शब्द गुजराती शब्द वोहरू से आया है, जिसका अर्थ है व्यापार। बता दें कि दाऊदी बोहरा समुदाय को पैगंबर का वंशज माना जाता है, लेकिन उने 21वें और अंतिम इमाम तैयब अबुल कासिम थे। जिनके बाद बोहरा समुदाय में आध्यात्मिक गुरुओं की परंपरा की शुरुआत हुई थी। वह दाई-अल-मुतलक सैयदना कहलाते हैं। दाऊदी बोहरा का भारत में प्रवेश 11वीं शताब्दी के बाद हुआ था। वह मिस्त्र से भारत पहुंचे। इसके बाद इस समुदाय का भारत में तेजी से विस्तार हुआ।दाऊदी बोहरा समुदाय का वर्तमान कार्यालय मुंबई के बद्री महल में है। इस वंश ने मिस्त्र मे अल-अजहर विश्वविद्यालय की स्थापना की थी, जिसे दुनिया की सबसे पुराने जीवित विश्वविद्यालयों में गिना जाता है। दाऊदी बोहरा समुदाय में शिक्षा पर काफी जोर रहता है और वह मुस्लिमों में सबसे अमीर भी होते हैं। दाऊदी बोहरा समुदाय का विवादों से है नाता दाऊदी बोहरा समुदाय का विवादों से भी नाता रहा है। सैयदना सैफुद्दीन के खिलाफ उनके ही परिवार के सदस्य बॉम्बे हाईकोर्ट चले गए थे। बता दें कि बोहरा समुदाय के 52वें सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन की मौत हो गई थी।

## समलैंगिक जोड़े ने मांगी बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के नियमों में छूट, ट्रांसजेंड अधिनियम का दिया हवाला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कोझिकोड।** केरल के एक ट्रांस कपल के यहां हाल ही में बच्चे की किलकारी गूंजी है। जाहद नाम के ट्रांसजेंडर ने बीते बुधवार को एक सरकारी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया।



इस बीच ट्रांसजेंडर जोड़े ने अस्पताल के अधिकारियों से संपर्क कर नवजात के जन्म प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों में अपनी नई लिंग पहचान दर्ज करने की मांग की है। बच्चे के पिता के रूप में अपना नाम रजिस्टर्ड कराना चाहता है जाहद ट्रांसजेंडर जाहद चाहता है कि उसका नाम बच्चे के पिता के रूप में रजिस्टर्ड किया जाए। साथ ही उसकी महिला साथी जिया पावल का नाम उसकी मां के रूप में रजिस्टर्ड हो। पावल ने पीटीआई को बताया कि इसके लिए यहां के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधिकारियों को एक अनुरोध सौंपा गया हैउन्होंने कहा कि हमने इस संबंध में अस्पताल के अधिकारियों को एक पत्र दिया है और उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि इस पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसलों और ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिनियम 2019 के अनुसार हमें अपना लिंग बदलने का अधिकार है। पावल ने यह भी कहा कि उनके पास केंद्र सरकार द्वारा जारी ट्रांसजेंडर पहचान पत्र है और इसलिए उन्हें उम्मीद है कि उनके अनुरोध को स्वीकार करने में कोई कानूनी बाधा नहीं आएगी जिया पावल ने बच्ची और उसके पिता की सेहत के बारे में बताया कि अब वे दोनों बिल्कुल ठीक हैं और खुश हैं। उन्होंने कहा मैं और जाहद इन खुशियों भरे दिनों और अपने माता-पिता बनने का आनंद ले रहे हैं। बायोलॉजिकल चाइल्ड होने की खुशी शब्दों से परे है। यह हमारा अपना बच्चा है, कोई भी हमारे बच्चे पर कोई दावा नहीं कर सकता है। हमें पूरा भरोसा है। पावल ने कहा कि बच्चा हमें एक दिन नहीं छोड़ेगा, क्योंकि हम उसके वास्तविक माता-पिता हैं। जिया पावल ने कहा कि अस्पताल के अधिकारी अपने ब्रेस्ट मिल्क बैंक से लगातार अंतराल पर बच्चे को ब्रेस्ट मिल्क सुनिश्चित कर रहे हैं और हर संभव तरीके से उनकी मदद कर रहे हैं। बता दें कि ऑपरेशन के माध्यम से जाहद ने बच्चे को जन्म दिया। यह देश में इस तरह का पहला मामला है। हालांकि, उन्होंने नवजात के लिंग का खुलासा नहीं किया है।

## एयरो इंडिया 2023 का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी, बेहद खास है इस साल की थीम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को बेंगलुरू के येलहंका स्थित वायुसेना स्टेशन में एयरो इंडिया 2023 के 14वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। पीएम कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, एयरो इंडिया 2023 का थीम ठद रनवे टू ए बिलियन अपॉर्चुनिटीजठ



है। यह कार्यक्रम स्वदेशी उपकरण तथा टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित करने और विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी करने पर केंद्रित है। यह कार्यक्रम देश की प्रगति, यूएवी क्षेत्र में वृद्धि, रक्षा क्षेत्र और भविष्य की प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करेगा। इसके अलावा, यह आयोजन लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए)-तेजस, एचटीटी-40, डोर्नियर लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच), लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) और उन्नत लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) जैसे स्वदेशी हवाई प्लेटफार्मों के निर्यात को भी बढ़ावा देगा। पीएमओ की ओर से कहा गया है कि यह कार्यक्रम घरेलू एमएसएमई और ग्लोबल सप्लाई श्रृंखला में स्टार्ट-अप करने और सह-विकास तथा सह-उत्पादन में विदेशी निवेश को भी अपनी ओर आकर्षित करने में मददगार साबित होगा। कार्यक्रम मे 30 देशों के मंत्री होंगे शामिल एयरो इंडिया 2023 में 80 से अधिक देशों शामिल होंगे। लगभग 30 देशों के मंत्री और भारतीय ओईएम के 65 सीईओ इस एयरो इंडिया 2023 में भाग ले सकते हैं। एयरो इंडिया 2023 प्रदर्शनी में लगभग 100 विदेशी और 700 भारतीय कंपनियों सहित 800 से अधिक रक्षा कंपनियां भाग लेंगी।भारतीय कंपनियां एमएसएमई और स्टार्ट अप समेत सभी प्रदर्शनी में भाग लेंगे, यह सभी देश में टेक्नोलॉजी की उन्नति, एयरोस्पेस में वृद्धि और रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। एयरो इंडिया 2023 में प्रमुख प्रदर्शकों में एयरबस, बोइंग, डसॉल्ट एविएशन, लॉकहीड मार्टिन, इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्री, ब्रह्मोस एयरोस्पेस, आर्मी एविएशन, एचसी रोबोटिक्स, एसएबी, साफरन, रोल्स रॉयस, लासरेन एंड टुब्रो, भारत फोर्ज लिमिटेड, हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) और बीईएमएल लिमिटेड शामिल हैं।

## अब 3.5 घंटे में पहुंचेंगे दिल्ली से जयपुर, तैयार हुआ दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस का पहला फेज; पीएम कल देंगे सौगात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का पहला चरण बनकर तैयार हो गया है। पीएम मोदी रविवार को इसकी सौगात देने जा रहे हैं। पीएम 12 फरवरी को 246 किलोमीटर लंबे दिल्ली-दौसा-लालसोट फेज का उद्घाटन करेंगे। इसके चालू होने से दिल्ली से जयपुर पहुंचने का समय पांच घंटे से घटकर अब करीब साढ़े तीन घंटे का हो जाएगा। पीएमओ ने बताया कि इसे बनाने में लगभग 12,150 करोड़ रुपये की लागत आई है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का यह पहला खंड पूरे क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। मोदी इस दौरान दौसा में 18,100 करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं की भी सौगात देंगे। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की लंबाई 1,386 किमी है। इससे दिल्ली और मुंबई के बीच यात्रा की दूरी को 12 प्रतिशत घटकर 1,424 किमी से 1,242 किमी हो जाएगी। अभी दिल्ली से मुंबई पहुंचने मे करीब 24 घंटे का वक्त लगता है। इस एक्सप्रेसवे के जरिए 12 घंटे का समय लगेगा। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे छह राज्यों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगा। साथ ही ये कोटा, इंदौर, जयपुर, भोपाल, वडोदरा और सूरत जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ेगा। इस एक्सप्रेसवे से गुजरने वाले लोगों को कई तरह की सुविधाएं भी मिलेंगी। इसमें होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल, फूड कोर्ट, पेट्रोल पंप शामिल हैं। इसके अलावा जगह-जगह पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। हेलीकॉप्टर एंबुलेंस की सुविधा देने की भी बात हो रही है।






## कर्नाटक हाईकोर्ट ने पिता को सौंपा उसकी बच्ची का अधिकार, मां के अवैध संबंधों के चलते दिया फैसला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरू।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक मां का अवैध संबंध होने के नाते नाबालिग बच्ची का अधिकार पिता डॉक्टर हैं और तलाकशुदा थे। उनकी पिछली शादियों से कोई संतान नहीं थी। वे एक मैट्रिमोनियल साइट पर मिले और 2011 में शादी कर ली। इसलिए हाई कोर्ट बच्ची को एक सुरक्षित और स्थिर वातावरण में लाने के लिए पिता को सौंपं दिया है। राज्य की फैमिली कोर्ट ने 3 मार्च, 2022 को



को सौंप दिया है। हाईकोर्ट ने फैमली कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए बच्ची का अधिकार पिता को दिया है। महिला के किसी अन्य पुरुष के साथ अवैध संबंध के कारण बच्ची के पिता ने नाबालिग की कस्टडी मांगी थी। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि उसने (मां) ने अपने अवैध संबंधों को अधिक महत्व दिया है और बच्ची की उपेक्षा की है। इसलिए बच्ची का अधिकार पिता को दिया गया है। बच्ची के साथ ससुराल छोड़ने के बाद महिला ने नाबालिग बच्चे को उसके माता-पिता के पास चंडीगढ़ में छोड़ दिया था। जबकि वह खुद अपने नए साथी के साथ बेंगलुरु में रहती थी। हालांकि बच्ची के माता-पिता दोनों 2015 में उनके घर में एक लड़की का जन्म हुआ था। विवाह में कलेह के कारण दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिसके बाद महिला ने बच्चे के साथ 2018 में ससुराल छोड़ दिया था। पति ने अपनी पत्नी के अवैध संबंधों का पता चलने पर बच्ची की कस्टडी के लिए केस दर्ज करा दिया था। महिला और उसके प्रेमी के बीच अवैध संबंध के बीच एक अपवित्र माहौल में बच्ची का रहना सही नहीं था। बच्ची के पिता ने आशंका जताई कि बच्चे का कल्याण और उसका भविष्य महिला के पास सुरक्षित नहीं था। इसलिए पिता ने केस दर्ज करा दिया था। बच्ची अभी नबालिग है और बच्चे को पालने की आवश्यकता थी। एक आदेश में महिला को नाबालिग बच्चे की कस्टडी पति को सौंपने का आदेश दिया था। लेकिन महिला को फैमली कोर्ट का आदेश स्वीकार नहीं था इसलिए उसने फैमली कोर्ट के फैसले को एचसी के समक्ष चुनौती दी थी। हालांकि, हाईकोर्ट को उसकी अपील में कोई दम नहीं लगा। कोर्ट ने कहा कि पति ने साबित कर दिया है कि महिला बच्चे को प्राथमिकता नहीं दे रही थी। हाई कोर्ट के जज ने कहा कि प्रतिवादी, ने अदालत के समक्ष सफलतापूर्वक साबित कर दिया है कि उसने अपने उक्त रिश्ते को अधिक प्राथमिकता दी थी जब उसकी तुलना की गई थी।

## प्रयागराज नाव पर पोज देते हुए सेल्फी लेते समय युवक यमुना में डूबा, मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** अरैल घाट पर स्नान करने गए युवक की नाव पर खड़े होकर सेल्फी लेने के दौरान यमुना में डूबकर मौत हो गई। नैनी थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ला निवासी 20 वर्षीय मार्तंड प्रताप सिंह आज दोपहर 1 बजे अरैल घाट पर अपने भतीजे राघवेंद्र प्रताप सिंह के साथ स्नान करने गए थे । उसी दौरान दोनों घाट पर खड़ी नाव पर खड़े होकर अलग अलग पोज में सेल्फी लेने लगे। अचानक मार्तंड का पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी में गिर गया। देखते ही देखते वह पानी में डूब गया। जब तक गोताखोर आकार उसको ढूंढते बहुत देर हो चुकी थी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को लगाया तो उसकी लाश मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया है। उधर युवावस्था में बेटे के जाने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।




## भाजपा जसरा मंडल की समीक्षा बैठक संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जसरा/प्रयागराज।** बुधवार को ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी जसरा मंडल के द्वारा आयोजित मंडल कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि जिला मंत्री शिवराम सिंह परिहार ने कहा कि कार्यकर्ता की समस्याओं का निदान करें जनप्रतिनिधि हर एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है पार्टी में कोई भी छोटा बड़ा नही है। उवही दूसरी ओर पार्टी के ही जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने आगामी लोकसभा चुनाव पर प्रकाश डाला। जिला संयोजक सहकारिता चंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने अपनी कविताओं से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आईटी विभाग के जिला संयोजक सतीष विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं को डिजिटलीकरण के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने व संचालन महामंत्री नीरज केसरवानी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता राजाबाबू पाठक, वीरेंद्र पाठक, सुबोध जायसवाल, निधीश पाठक, अशोक तिवारी, प्रीतम केसरवानी, देवराज पटेल, राजमणि पटेल, बजरंग बहादुर, कल्पना मिश्रा, रवि साहू, अवध बिहारी मिश्रा, नरेन्द्र मिश्रा, गोपाल केसरवानी, अर्जुन विश्वकर्मा, अश्वनी दूवेदी, कमला दूवेदी, अरूण मालवीय, मेलाराम, सुरेश कुशवाहा, सत्तन निषाद, अमरजीत तिवारी, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।




## कर्म के संग भक्ति जुड़ सकती है,भाग्य नहीं




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बारा।** प्रयागराज बारा खास में चल रही पंचदिवसीय रामकथा का समापन मंगलवार को हुआ। कथा व्यास श्री काशी नरेशाचार्य जी महाराज ने अंतिम दिवस कर्म और भाग्य की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि परमात्मा उन्हीं की सहायता करता है,जो अपनी सहायता स्वयं करता है। यह कर्म की पराकाष्ठा है। जो केवल भाग्यवादी होते हैं। वह अक्सर अकर्मण्य होते हैं। करना कुछ नहीं चाहते और भाग्य पर निर्भर रहते हैं। ऐसे लोग असमर्थ और मन से टूटे हुये लोग होते हैं। किन्तु जिन्होनें द्रौपदी को जाना, सुग्रीव को जाना, केवट को जाना, सुदामा को जाना, कबीर और नानक को जाना, श्री कृष्ण और श्री राम को जाना ,वो भाग्यवादी नहीं, अपितु कर्मवादी हुये। कर्म के संग भक्ति जुड़ सकती है ,भाग्य नहीं। पीठासीन कथावाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने बताया कि जब कर्म करोगे और साथ मे ईश्वर एवं गुरु पर भरोसा भी रखोगे तभी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा। तुम सदैव शांतिपूर्वक आनन्दमय जीवन व्यतीत करोगे। कथा आयोजकों में मुन्नीलाल शर्मा एवं रोशनलाल शर्मा ने सभी पधारे हुए भक्तों का आभार जताया। इस दौरान कथा सुनने वालों में श्री शांतिस्वरूप मिश्रा, काशी प्रसाद त्रिपाठी, सुमन्त भार्गव, महेश प्रसाद त्रिपाठी, बहादुर शर्मा,राकेश जी कुशवाहा, सुबेदार कुशवाहा, हर्षलाल द्विवेदी, शिवकेश शर्मा, विधायक चौहान, रामप्रताप चौहान सहित सैकड़ों महिलाओं सहित भक्तजनों की भारी संख्या उपस्थित रही। मंच संचालन हरिकेश शर्मा ने किया।

## त्योहार एवं परीक्षाओं के कारण 31 मार्च तक रहेगी निषेधाज्ञा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** 18 फरवरी को महाशिव रात्रि एवं 07/08 मार्च को होली व 30 मार्च को रामनवमी के त्योहार के कारण जनपद में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इसके अलावा डा0 रा0म0 लोहिया विश्वविद्यालय एवं उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद, सीबीएससी बोर्ड, पालीटेक्निक, आईटीआई आदि विभिन्न परीक्षायें सम्पन्न होनी है। साथ ही आसन्न नगर निकायों के निर्वाचन के दृष्टिगत त्योहारों पर विशेष सतर्कता बरते जाने व परीक्षाओं को सकुशल, नकलविहीन, शुचिता व निष्पक्षता से सम्पन्न कराने व शांति व्यवस्था, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत जनपद में 31 मार्च 2023 तक निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। यह आदेश जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र एवं जनपद में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी होगा। उन्होने कहा है कि एक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का विधि विरूद्ध जमाव प्रतिबन्धित किया जाता है। त्योहार के पावन पर्व पर कोई नई परम्परा नही कायम की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, एक नली बन्दुक व दो नली बन्दूक अथवा घातक हथियार यथा चाकू, बल्लम, फरसा, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार/शस्त्र लेकर नही चलेगा, न तो उसका प्रयोग करेगा। यह प्रतिबन्ध सरकारी ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी तथ बैंक में लगे हुये सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होगा। शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को उनके सहारे के रूप में लाठी या डंडा लेकर चलने की छूट रहेगी। किसी भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर डीजे,गीत- संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों से अधिक नहीं होगी व लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी भी दशा में इस प्रकार से नही किया जायेगा जिससे विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों में उत्तेजना फैलने की सम्भावना हो।

## सीएम योगी ने किया ग्लोबल वीज़ा एप्लीकेशन सेंटर का शुभारंभ

(आधुनिक समाचार सेवा)
लखनऊ। सीएम योगी ने शनिवार को न्इए ग्लोबल वीज़ा एप्लिकेशन सेंटर का शुभारंभ किए। 24,000 वर्ग फुट में फैला यह सेंटर ऑस्ट्रिया, नीदरलैंड, चेक गणराज्य, स्विट्ज़रलैंड, एस्टोनिया, हंगरी, पुर्तगाल, जर्मनी, इटली और सऊदी अरब जाने वाले यात्रियों को मदद मिलेगी। 9 फरवरी से लोगों की वीजा ऐप्लिकेशन दिल्ली के बजाय लखनऊ में स्वीकार होने लगेंगी।सीएम ने कहा कि न्इए ग्लोबल जॉइंट वीजा एप्लिकेशन सेंटर दुनिया के लिए यूपी के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करेगा। इससे हर महीने यूरोप जाने वाले यूपी के लाखों को फायदा मिलेगा। ग्लोबल वीजा ऐप्लिकेशन सेंटर लखनऊ में खुलने से सबसे ज्यादा फायदा यूरोप जाने वाले पर्यटकों और स्टूडेंट्स को मिलेगा।लखनऊ न्इए ग्लोबल स्थापित करने वाला 21वां शहर बन गया है। वर्तमान में भारत के लिए दुनिया के जिन 12 देशों में पासपोर्ट और वीजा सेवाओं को यह कंपनी आउट सोर्स वीजा सेवा पार्टनर की तौर पर काम कर रही है।पासपोर्ट से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि वीजा अप्लाई करने को लेकर तीन 3 महीने से लेकर 4 महीने तक की वेटिंग आ रही थी। ऐसे में इस प्रक्रिया से यूपी से यूरोप जाने वाले लोगों को मुंबई तक चक्कर काटने पड़ते थे। हर महीने करीब एक लाख से लेकर डेढ़ लाख की संख्या में उत्तर प्रदेश से लोग यूरोप के लिए अप्लाई करते हैं। दिल्ली में अपॉइंटमेंट न मिल पाने की स्थिति में मुंबई या फिर बेंगलुरु भी जाना पड़ता था। इसकी वजह से काफी पैसे खर्च होते थे। लेकिन अब यह सुविधा लखनऊ में शुरू होने से लोगों को समय और खर्च दोनों बचेगा। इन देशों का वीजा लेकर लोग 27 शेंजेन देशों (सभी यूरोपीय देशों) की यात्रा कर सकेंगे।लखनऊ के आलमबाग स्थित ग्लोबल विजा एप्लीकेशन सेंटर खोलने से यूपी से जाने वाले प्रत्येक वीजा धारकों को एक केंद्र से ही सभी सुविधाएं मिल जाएंगे उनको तय समय पर अप्लाई मेंट मिल जाएगा और उनका वीजा की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। एक इनसे भी जा मिलने से पर्यटन में बढ़ावा भी होगा।लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, आजमगढ़, अयोध्या, प्रयागराज, मऊ, कानपुर, बरेली, लखीमपुर, उन्नाव, सीतापुर में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा।

## हग डे पर डा ईसान्या राज ने बुजुर्गों को लगाया गले

( आधुनिक समाचार सेवा ) प्रयागराज। हग डे के दिन मनोचकित्सक डा इशान्या राज ने अपने सभी बुजुर्गों को गले लगाकर उनके दुख हर लिए आज इनको देखकर लगता है की बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान् सफल हो गया।



## अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर के नेतृत्व मे चलाये जा रहे अपराध विरोधी अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर के नेतृत्व मे चलाये जा रहे अपराध विरोधी अभियान मे दो अंतर्जनपदीय बदमाशों ने कौशाम्बी पुलिस व स्वाट टीम से अपने आप को घिरा देख पुलिस पार्टी पर की फायरिंग.स्वाट टीम के जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में लगी गोली जबकि दूसरा रामबख्श भागने में कामयाब जिसे बाद मे काम्बिंग कर किया गया गिरफ्तार..घायल अपराधी को जिला अस्पताल में करवाया भर्ती।गोंडा जिले धानेपुर थाना के दूल्हापुर गाँव का रहने वाला बताया जा रहा है घायल अपराधी श्याम बाबू। कौशाम्बी जिले में चोरी के कई घटनाओं को दिया था अंजाम। घायल अपराधियों के पास से 2 तमंचा 3 जिंदा कारतूस 2 कोखा कारतूस समेत 27400 रुपये पुलिस ने किया बरामद।कौशाम्बी,प्रयागराज,बलरामपुर, गोंडा, अयोध्या महराजगंज समेत कई जिलों में दर्ज है अपराधी श्यामबाबू के खिलाफ मुकदमा।



## निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष (2022-2023 में) भी पीपुल्स वेलफेयर सोसायटी और शिवम् अक्षयवट हास्पिटल के द्वारा माघ मेला अरैल क्षेत्र ( सेक्टर 1ए ) में एक माह का निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण और निःशुल्क दवा वितरण की व्यवस्था की गई। शिविर के समाप्ति पर सोसायटी द्वारा वृहद भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें सच्चा संस्कृत विद्यालय के छात्रों एवं साधु संन्यासियों को धार्मिक पुस्तकें भी भेंट की गई।सोसायटी की सचिव डॉ नम्रता राय ने गरीब महिलाओं को वस्त्र वितरण करते हुए कहा कि सोसायटी स्वास्थ्य सेवा के लिये सदैव तत्पर रहती है और हर वर्ष माघ मेले में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करती रहेगी। शिविर में हास्पिटल की तरफ से डॉ सी. बी उपाध्याय ने सहयोग किया और रिटायर्ड फार्मासिस्ट टी. एन. सिंह एवं अजय उपाध्याय ने दवा वितरण किया, डॉ आनन्द पाण्डेय ने फिजियोथेरेपी की जानकारी दी, शिविर की व्यवस्था धर्मेंद्र पाण्डेय ने की।



## थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 अदद अवैध देशी बम बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर देवघाट मोड के समीप थाना क्षेत्र धूमनगंज से अभियुक्त रघुनन्दन चौहान पुत्र चौधरी सिंह चौहान नि0 शाह उर्फ पीपलगांव थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 02 अदद अवैध देशी बम बरामद किये गये। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना धूमनगंज में मु0अ0सं0 71/2023 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- रघुनन्दन चौहान पुत्र चौधरी सिंह चौहान नि0 शाह उर्फ पीपलगांव थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज, उम्र 24 वर्ष बरामदगी का विवरण 02 अदद अवैध देशी बम पंजीकृत अभियोग का विवरण- मु0अ0सं0 71/2023 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 थाना धूमनगंज गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम- 1.उ0नि0 अखण्ड प्रताप सिंह थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज 2.का0 धनन्जय शर्मा थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज।




## अवकाश में भी छात्रों को समय देने वाले शिक्षक सम्मानित



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कौशाम्बी।** वर्ष भर विद्यालय धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार कौशांबी में अवकाश की अवधि में व प्रत्येक रविवार को सबसे अधिक गणित की क्लास लेने वाले शिक्षक श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय जी को प्रधानाचार्य डॉ रामकिरण त्रिपाठी जी द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उप जिलाधिकारी सिराथू के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया।जिसमे उन्हे प्रदत्त अंगवस्त्र प्रदान किया गया। पाण्डेय जी गणित के शिक्षक है जिन्हे विद्यार्थी सरलता से समझ पाते है। जिससे गणित विषय में बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों का परिणाम क्षेत्र में व जिले में अव्वल रहता है।

## वन अधिकारी ने वन्यजीवों की सुरक्षा का दिया वचन

( आधुनिक समाचार सेवा )
**प्रयागराज।** प्रॉमिस डे पर वन अधिकारी वर्षा ने वन्य जीवों की सुरक्षा का वचन देते हुए अपने सभी सहयोगियों एवं कर्मचारियों से इसकी शपथ दिलवाई।उन्होंने प्रॉमिस डे पर वन्यजीवों की सुरक्षा की शपथ लेते हुए कहा कि वन्यजीवों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य एवं दायित्व है। इसलिए आज प्रॉमिस डे पर हम सभी को यह वचन देना चाहिए और प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि हम सभी वन्यजीवों की हर हालत में रक्षा एवं सुरक्षा करेंगे।






## ग्राम सभा केन में पत्र होने पर भी क्यों नही मिल रहा लाभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कौशाम्बी।** ग्राम सभा केन में ऐसे पत्र जिन्हे सरकारी योजनाओं का लाभ पहले ही मिल जाना चाहिए था ऐसे लोग आज भी आवास योजना का लाभ नहीं पा रहें है ऐसा गांव के कुछ जिम्मेदार लोगों की वजह से हो रहा है जिससे पत्र होने के बावजूद उनका नाम लिस्ट से गायब हो जाता है वही गांव में जाकर देखा गया तो गंदगी का अंबार लगा पड़ा है ग्राम सभा में सफाई कर्मचारी नदारत है नालियों एवं जल स्रोतों के आस पास गंदगी देखने को मिली। नालियों की सफाई न होने से रास्तों में जल बह रहा है जिससे बीमारियों का भी खतरा बना है । वही गांव में खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत के लिए ग्राम प्रधान से कहने के बाद भी नल की मरम्मत नहीं कराई जा रही लोगों को पानी लाने के लिए दूसरे किसी निजी हैंड पंप लाना पड़ता है पानी। ऐसी सुविधाओ के लिए लोग क्यों हैं परेशान कौन है जिम्मेवार।



## अनियंत्रित ट्रक से जान बचाने के लिए लगाई छलांग, गिरकर मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। **गौहनिया फ्लाई ओवर पर शनिवार को तेज रफ्तार ट्रक का ड्राइवर गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा। जान बचाने के लिये क्लीनर रहा था। जब वह फ्लाई ओवर के पास पहुंचा तो ट्रैक का पिछला टायर फट गया। जिससे गाड़ीअनियंत्रित हो गई। इस दौरान क्लीनर जान बचाने के लिए ट्रक से कूद गया। वहीं**



**ने दूसरी तरफ छलांग लगाई तो सर में चोट ला जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी अनुसार शनिवार सुबह रिलायंस पाइप लदा ट्रक लेकर आ अनियंत्रित वहां के टायर उसके पैरों के ऊपर से गुजर गए और गिरने से उसको चोटें आई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।**

# जनपद में 100 निवेशकों द्वारा 11061 करोड़ रूपये के प्रस्ताव प्राप्त हुये,निवेशक हुए सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** दिनांक 10 फरवरी से 12 फरवरी तक चलने वाले उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का शुभारम्भ बटन दबाकर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लखनऊ में किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य मंत्रीगण के उद्बोधन का सजीव प्रसारण सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, सांसद प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय, अधिकारीगण, उद्यमी, व्यापारी, जनसामान्य द्वारा तुलसीसदन (हादीहाल) में देखा गया।इसी क्रम में उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के अवसर पर तुलसी सदन (हादीहाल) में जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ एवं स्थानीय ओडीओपी उत्पादों एवं हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी के तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता ने दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने उद्यमियों एवं जनमानस को सम्बोधित करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश एक उत्तम प्रदेश बन रहा है और उसी विश्वास के तहत हमारा प्रतापगढ़ भी बदल रहा है। माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में देश व उत्तर प्रदेश बदल रहा है। उन्होंने उद्यमियों एवं व्यापारियों से कहा कि जनपद में निर्भीक होकर इन्वेस्टमेन्ट करें, सरकार और जिले के अधिकारी सदैव आपके साथ खड़े रहेगें। उन्होने कहा कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा भय रहित और सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित किया गया है जिससे जनपद में अधिक से अधिक निवेश किया जा रहा है और रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे है। दूसरे प्रदेशों में प्रतापगढ़ की जो चर्चायें, इमेज और भाव बढ़ा है उसका श्रेय जनपद के अधिकारियों को जाता है। उन्होने कहा कि प्रतापगढ़ में जहां पहले भय का माहौल था व्यापारी जनपद में व्यवसाय न करके दूसरे प्रदेश चले जाते थे मगर आज वह विश्वास व्यापारियों में जागा है और व्यापारी उत्तर प्रदेश व प्रतापगढ़ में इन्वेस्टमेन्ट करने के लिये तैयार है, दूसरे प्रदेशों से बड़े बड़े उद्योगपति ट्रैक्टर फैक्ट्री में इन्वेस्टमेन्ट करने जा रहा है इसका पूरा श्रेय जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को है। उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा जनपद में इन्वेस्टमेन्ट करने का विश्वास जागा है। अच्छी सोच के तहत अगर कोई काम करता है तो सफलता जरूर मिलती है। विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने सम्बोधित करते हुये कहा कि माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश व प्रदेश उद्योग एवं तकनीकी शिक्षा की ओर आगे बढ़ रहा है, जिन देशों में विज्ञान और तकनीकी शिक्षा दी जाती है वह देश निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर होता है, दुनिया के सभी देशों में वह अग्रणी रहता है। उन्होने कहा कि जो भी उद्यमी उद्योग लगाये उसको पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ आगे बढ़ाये तो उद्योग भी बढ़ेगा और उद्यमी भी आगे बढ़ेगें तथा लोगों को नये नये रोजगार के अवसर भी प्राप्त होगें। जनपद में सौहार्दपूर्ण वातावरण में निवेशकों को निवेश करने में सुविधा हो रही है और जनपद में तरक्की के रास्ते खुल रहे है। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि जो भी उद्यमी जनपद में उद्योग लगाना चाहते है उनका शासन एवं प्रशासन सहयोग करें, जिससे उद्योगपति जनपद में अपना निवेश खुलकर कर सके। उन्होने कहा कि निवेश कुम्भ के माध्यम से जनपद में निवेश और रोजगार के अवसर अधिक से अधिक उपलब्ध होगें और आंवला उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर जिले के सर्वश्रेष्ठ उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया। जनपद में निवेश करने हेतु 100 निवेशकों द्वारा रूपये 11061 करोड़ के एम0ओ0यू0 पर साइन किये गये है, रूपये 25 करोड़ से अधिक निवेश करने वाले निवेशकों द्वारा उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 लखनऊ में प्रतिभाग किया जा रहा है। जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ कार्यक्रम में जनपद में निवेश कर रहे 07 निवेशकों क्रमशः ऑवला फूड प्रोडक्ट में 50 करोड़ रूपये की धनराशि निवेश करने वाले मो0 अनाम, फ्लोर मिल में 2 करोड़ रूपये का निवेश करने वाले शुभम अग्रवाल, ऑवला उत्पाद में 50 लाख रूपये का निवेश करने वाले अभिषेक मणि त्रिपाठी, फर्नीचर उद्योग में 1 करोड़ का निवेश करने वाले रवि प्रताप सिंह, मसरूम उत्पाद में 2 करोड़ का निवेश करने वाले आशीष कुमार जायसवाल, फूड प्रोडक्ट में 2 करोड़ का निवेश करने वाले वीरेन्द्र पाण्डेय व दोना पत्तल उद्योग में 50 लाख रूपये का निवेश करने वाले रोशन लाल ऊमरवैश्य को सम्मानित किया गया।

## प्रयागराज के क्लबों के साथ आयोजित लायंस स्पोर्ट्स मीट किलोल प्रयागराज का आयोजन किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज के रीजन और जोन चेयरपर्सन द्वारा एवं समस्त प्रयागराज के क्लबों के साथ आयोजित लायंस स्पोर्ट्स मीट किलोल प्रयागराज का आयोजन आज बहुत ही सुंदर ढंग से किया गया। पिछले 2 माह की कड़ी मेहनत से इस कार्यक्रम का आयोजन और प्रयागराज को एक अनूठी बिजनेस डायरेक्ट्री जिसमे प्रयागराज के समस्त लायन का नाम, पता, फोन, ईमेल आदि दिया गया है बहुत ही मेहनत से प्रकाशित की गई, हमारे सभी रीजन चेयरपर्सन लायन अनिल टंडन, लायन मुकेश अग्रवाल, लायन संजय गुप्ता और लायन मंजुला श्रीवास्तव जी और साथ ही हमारे जोन चेयरपर्सन लायन मिताली दत्ता, लायन माला मिश्रा, लायन उदय चंदानी, लायन उमेश कक्कड़, लायन मनोज खत्री, लायन वासुदेव मांध्यान, लायन दीपक अग्रवाल, लायन पंकज रस्तोगी की कड़ी मेहनत एवं प्रयागराज के डिप्टी डी जी लायन सतीश टंडन जी एवं मंडल मेयर लायन अनिल जायसवाल जी के मार्गदर्शन से कार्यक्रम ने एक वृहद रूप ले लिए आप सभी को दिल से नमन और साधुवाद साथ ही धन्यवाद है लायन इरा सेठी, लायन जया खरे, लायन हिमांशु गुप्ता, लायन आर के सिंह, लायन रीता बीर, लायन प्रिया नारायण जी का जिन्होंने गेम्स आदि खिलाने में सहयोग किया। धन्यवाद है हमारे उर्जावान मंडलाध्यक्ष लायन सी ए सौरभकांत जी, मंडल की प्रथम महिला लायन राजुल कांत जी, पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक लायन जगदीश गुलाटी जी, पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन लायन सतीश श्रीवास्तव जी, पूर्व काउंसिल सचिव लायन कुंवर बी एम सिंह जी, पूर्व मंडलाध्यक्ष लायन दीपक अग्रवाल जी, पूर्व मंडलाध्यक्ष लायन नितिन यशार्थ जी जिनके आशीर्वाद ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। लगभग 450 लोगों की भागीदारी खुद ये बयां कर रही थी की कार्यक्रम कितना भव्य था। पुनः एक सफल कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कोटि कोटि धन्यवाद।





## भदोही में फाइलेरिया की दवा खाने से 25 बच्चों की हालत बिगड़ी, सभी अस्पताल में भर्ती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**भदोही।** औराई ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मल्लूपुर में गुरुवार को फाइलेरिया की दवा खाने से पहली से पाचवीं तक के 25 बच्चे बीमार हो गए। सभी को जिला अस्पताल ज्ञानपुर भर्ती कराया गया। जहां दो की हालत सामान्य होने पर छोड़ा गया जबकि बाकी अभी भी भर्ती हैं। खबर मिलने पर आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मल्लूपुर गांव के अलग-अलग बस्ती के बच्चे प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते हैं। गुरुवार को फाइलेरिया अभियान के तहत आशा, आंगनवाड़ी और एएनएम दवा खिलाने के लिए विद्यालय पहुंची। बच्चों को दवा खिलाया जाने लगा। उसी दौरान पहली से चौथी कक्षा में पढ़ने वाली सुनिधि रश्मि, अर्पिता दूबे, ममता, शिखा, वंदना, काजल सहित 25 बच्चों को उल्टी-दस्त शुरू हो गई। यह देख स्कूल प्रशासन में खलबली मच गई। बीमार बच्चों की उम्र पांच से 10 साल है। आनन-फानन में सभी बच्चों को जिला अस्पताल ज्ञानपुर के इमजरेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां सभी का प्राथमकि उपचार किया जा रहा है। मौके पर सीएमओ डॉ. संतोष कुमार चक, एसडीएम ज्ञानपुर, शिक्षा विभाग के अधिकारी पहुंच गए।

## थाना कौंधियारा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** थाना कौंधियारा पुलिस द्वारा आज दिनांक 06.02.2023 को अभियुक्त धीरज सिंह पुत्र अमर सिंह उर्फ बीरबल निवासी शान्ति नगर सेमरी थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज को कृष्णा विद्यालय नहर पुलिया के पास बहद ग्राम सेमरी से गिरफ्तार कर कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कौंधियारा में मु0अ0सं0 024/2023 धारा 8/20 ⁻उइए ँणऊ पंजीकृत किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त धीरज सिंह पुत्र अमर सिंह उर्फ बीरबल निवासी शान्ति नगर सेमरी थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज, उम्र 20 वर्ष पंजीकृत अभियोग- 024/2023 धारा 8/20 ⁻उइए ँणऊ थाना कौंधियारा, प्रयागराज बरामदगी- 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम- 1.उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार यादव थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज 2. का0 राहुल सिंह थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज 3. का0 विशाल सिंह थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज।




## ओवरटेक करते हुए बेकाबू हुई मोपेड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मऊ।** घोसी कोतवाली क्षेत्र के गोफा गांव निवासी गोविंद अपने भतीजे रक्षक को लेकर गुरुवार की सुबह करीब दस बजे मोपेड से किसी काम से अमिला की तरफ जा रहा था। अभी वह अमिला अजमतगढ़ मार्ग स्थित अमिला ग्राम सभा के नवकापुरा गांव के पास पहुंचा था कि अमिला की तरफ से गिट्टी गिराकर लौट रहे ट्रेलर से आगे निकलने की कोशिश की। इसी बीच मऊ में घोसी कोतवाली क्षेत्र के नवकापुरा गांव के पास गुरुवार की सुबह बोझी की तरफ आ रही मोपेड (बाइक), ट्रेलर से आगे निकलने की कोशिश में अनियंत्रित हो गई। घटना में मोपेड पर सवार छह साल का मासूम जब तक उठ पाता जब तब वह ट्रेलर के अगले पहिये की जद में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और ट्रेलर को जब्त कर घोसी कोतवाली ले आई। घटना से पूरे कस्बा में मातम पसर गया।

## अक्षय प्रताप सिंह बने ग्राम पंचायत संघ के जिला अध्यक्ष

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के चुनाव में तेज तर्रार एवं कर्मठ ग्राम पंचायत अधिकारी अक्षय प्रताप सिंह को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष पद पर चुना गया। जिला अध्यक्ष पद पर चुने जाने के बाद उन्होंने कहा कि मैं संघ के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करूँगा।साथ ही ग्राम पंचायत अधिकारियों के अधिकार एवं हित के लिए सदैव अपना संपूर्ण योगदान प्रदान करूँगा। जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी एवं राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष करुणेश



प्रताप सिंह मुन्ना ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके साथ श्रेयस्कर पांडे ने जिला महामंत्री, अभिषेक प्रताप सिंह एवं काशीनाथ वर्मा जिला उपाध्यक्ष, ज्ञान प्रकाश शुक्ला महामंत्री,शमा कोषाध्यक्ष,कौशलेंद्र शुक्ला प्रांतीय प्रतिनिधि,उमेश द्विवेदी संरक्षक, रविशंकर सोनकर संगठन मंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। साथ ही सुनील कुमार मौर्य को सदर,लाल चंद्र पाल को लालगंज,प्यारे लाल सरोज को रानीगंज,राजू भारती पट्टी एवं सुशील को कुंडा का अध्यक्ष चुना गया।

सीधे प्रवेश
100% Placement
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
15% Fee Concession
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

## महाराष्ट्र के पूर्व राज्यमंत्री अमरजीत मिश्र ने बताया कैसे बनी सीएम योगी की बुलडोजर वाली इमेज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** मुंबई भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब दुनिया के लोगों से हम कह सकते हैं कि यूपी नहीं देखा तो दुनिया समारोह की अतिथि परमार्थ आश्रम, ऋषिकेश की साध्वी नंदिनी के साथ श्री मिश्र ने राँची से आई गायिका साक्षी सिन्हा का सम्मान किया व प्रशस्ति पत्र दिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में महाराष्ट्र के पूर्व



नहीं देखी। यूपी में हत्यारों, भ्रष्टाचारियों व कुख्यात अपराधियों के दिन अब लद गए। सरकारी जमीनों को अपनी जायदाद समझने वाले भूमाफियाओं को भी उनकी औकात बता दी गई। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यमंत्री अमरजीत मिश्र वाराणसी दौरे पर हैं। अमरजीत मिश्र ने कहा कि इन दिनों क़ाशी का सांस्कृतिक व धार्मिक वैभव बढा है। पूरी दुनिया में क़ाशी को देखने व समझने की उत्सुकता भी बढ़ी है। यहां के कण-कण में सनातन- वैदिक संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। हिंदू आस्था के इस केंद्र के तेजी से हुए चहुमुखी विकास ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया है। भदोही संत रविदास नगर में होनेवाले एक समारोह में हिस्सा लेने मुंबई से आए श्री मिश्र ने गुरुवार को सुबह ए बनारस के कार्यक्रम में शामिल हो कर पूजा अर्चना की और बाद में हुए संगीत समारोह में वे बोल रहे थे। राज्यमंत्री व भाजपा नेता अमरजीत मिश्र ने यहां दावा किया है कि मोदी और योगी ने सनातन धर्म में विश्वास रखने वालों की शक्ति को प्रबल बनाया है। मुंबई फिल्म सिटी के उपाध्यक्ष रह चुके अमरजीत मिश्र ने कहा कि जिस हिंदुस्तान में बहुसंख्य होने के बावजूद हिंदू समाज दब कर रहता था वह अब मुखर भी हुआ है और संगठित भी। मुंबई के उत्तरभारतीय नेता ने बीते दिनों मुंबई में हुए सकल हिंदू समाज के विशाल मोर्चे की सफलता को उद्धत करते हुए कहा कि दो दिनों के आव्हान पर यदि शिवाजी पार्क से लेकर कामगार मैदान तक हिंदुओं का भगवा महासागर सड़क पर उतर सकता है तो इसे हिंदू नवजागरण का महापर्व ही कहेंगे। मिश्र ने कहा कि इस मोर्चे में शामिल माताओं - बहनों के साथ ही नन्ही बच्चियों ने देश में षड्यंत्र के तहत चलाए जा रहे लव जिहाद के विरोध में शंखनाद भी किया।

## सम्पादकीय

# तिब्बत की पहचान मिटाता चीन; धर्म, संस्कृति और भाषा का जबरन हो रहा चीनीकरण

तिब्बत में चीन सरकार और वहां की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा तिब्बत के बच्चों के लिए चलाए जा रहे विशेष आवासीय स्कूलों के बारे में संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार आयोग की ताजा रिपोर्ट ने आधुनिक इतिहास के सबसे भयानक, लेकिन भुलाए जा चुके एक अमानवीय अध्याय को फिर से खोल दिया है। आयोग ने चीन सरकार की इसके लिए निंदा की है कि वह तिब्बत की धार्मिक, सांस्कृतिक और भाषाई पहचान को मिटाने के लिए पूरे तिब्बत में ऐसे विशेष आवासीय स्कूलों का जाल बिछा कर लाखों तिब्बती बच्चों को जबरन उनमें भर्ती कर रही है, जहां बच्चों को उनके परिवार और समाज से अलग करके उनका पूरी तरह चीनीकरण किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अल्पसंख्यक मामलों, शिक्षा के अधिकार और सांस्कृतिक अधिकारों से संबंधित विशेष प्रतिनिधियों की साझा रिपोर्ट जारी करते हुए मानवाधिकार आयोग ने रहस्योद्घाटन किया है कि तिब्बत आटोनमस रीजन (टार) के अलावा तिब्बती पहचान वाले दूसरे इलाकों में भी ऐसे सैकड़ों विशेष स्कूल खोले जा चुके हैं, जहां दस लाख से ज्यादा तिब्बती बच्चों को उनके परिवारों से जबरन छीनकर बंद रखा जा रहा है और उनका ब्रेनवाश किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की इस घोषणा ने कुछ शताब्दी पहले यूरोप के उपनिवेशवादियों द्वारा आज के अमेरिका, आस्ट्रेलिया, लैटिन अमेरिका और कनाडा जैसे देशों पर अपना शासन पक्का करने के लिए स्थापित किए गए आवासीय स्कूलों की याद ताजा कर दी है। यूरोप के गोरे उपनिवेशवादी शासकों ने अपने साथ लाए गए क्रिश्चियन चर्च के माध्यम से इन देशों में ऐसे हजारों स्कूल स्थापित किए थे, जहां स्थानीय निवासियों के बच्चों को पकड़कर जबरन रखा जाता था। इन बच्चों को उनके परिवारों और समाज से काटकर इस तरह की यूरोपीय और ईसाइयत की शिक्षा दी गई कि वहां की मूल संस्कृतियां नष्ट हो गईं और यूरोप से आए उपनिवेशवादी शासकों के लिए वहां की जमीनों और प्राकृतिक संसाधनों पर हमेशा के लिए कब्जा करना आसान हो गया। उन स्कूलों में जिस अमानवीय तरीके से वहां के स्थानीय बच्चों की ब्रेनवाशिंग, प्रताड़ना, यौन शोषण और हत्याएं की जाती थीं, इसका इतिहास अब सारी दुनिया जान चुकी है। इन आवासीय स्कूलों की बदौलत उन देशों में वहां के मूल निवासी रेड इंडियन और दूसरे समाज आज अपने इतिहास के अजायबघरों के नमूना भर रह गए हैं जबकि ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और हालैंड से गए लोगों की पीढ़ियों का वहां पर स्थायी कब्जा हो चुका है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की ताजा रिपोर्ट से स्पष्ट हो गया है कि तिब्बत पर 1951 में जबरन कब्जा जमाने के बाद सात दशकों के अत्याचारी शासन के बाद भी चीन के कम्युनिस्ट शासक वहां की सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय अस्मिता को समाप्त करने का जो लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए, उन लक्ष्यों को पूरा करने का काम अब राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने आवासीय स्कूलों के नए अभियान के माध्यम से शुरू कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार द्वारा जारी किए गए वक्तव्य में विशेषज्ञों को उद्धृत करते हुए कहा गया है कि "हम यह देखकर दुखी हैं कि इन आवासीय स्कूलों में शिक्षा का पाठ्यक्रम और वहां का पूरा वातावरण ऐसा रखा गया है, जो पूरी तरह से हान चीनी चरित्र वाला है। वहां न केवल पाठ्यपुस्तकें पूरी तरह चीनी जीवनशैली की शिक्षा देने वाली हैं और पढ़ाई के माध्यम के लिए चीनी मंदारिन भाषा अनिवार्य है, बल्कि वहां के पाठ्यक्रम और रहन-सहन में तिब्बती भाषा, इतिहास और संस्कृति का कोई स्थान नहीं है। इस व्यवस्था का परिणाम यह हो रहा है कि तिब्बती बच्चे अपनी भाषा भूलने लगे हैं और उनके लिए अपने ही माता-पिता और बड़े-बूढ़ों के साथ अंतरंग बातचीत कर पाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में वे अपनी मूल पहचान खोने लगे हैं और चीनी समाज का हिस्सा बनने लगे हैं।" जाहिर है इस रिपोर्ट ने तिब्बती समाज तथा तिब्बत समर्थक संगठनों की ओर से काफी समय से लगाए जा रहे उन आरोपों और चिंताओं की पुष्टि कर दी है कि तिब्बत में पहले से चली आ रही तिब्बती भाषा की शिक्षा को समाप्त किया जा रहा है। पिछले दिनों एक अंतरराष्ट्रीय वेबिनार में तिब्बत एक्शन इंस्टीट्यूट की निदेशक ल्हाडोन टीथोंग ने कहा कि "शी चिनफिंग के शासनकाल में शुरू किए गए इस नए अभियान के तहत तिब्बत में ऐसे सभी स्कूलों को बंद किया जा चुका है, जो स्थानीय तिब्बती समाजों ने शुरू किए थे। ये ऐसे स्कूल थे जहां चीनी स्कूल में पढ़ाई के बाद बच्चों को तिब्बती भाषा सिखाई जाती थी। ऐसे कई समाचार आ चुके हैं जिनसे पता चला कि इस तरह के स्वयंसेवी स्कूल चलाने वाले तिब्बती अध्यापकों और लामाओं को गिरफ्तारी किया जा रहा है।तिब्बत में चीनी शासन के विरुद्ध तिब्बती प्रतिरोध को समाप्त करने के लिए माओ के समय से ही वहां दमनचक्र लगातार चलता आया है, लेकिन तिब्बत की जनता की आवाज को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए राष्ट्रपति शी ने अब जो अभियान शुरू किया है, वह बहुत भयावह है।

# बजट-वसंत पर राग दरबारियों का रंग; कोई कहे आंकड़ों की बाजीगरी, तो कुछ बता रहे भविष्य की आधारशिला



भूपेंद्र भारतीयः अक्सर देखा गया है कि वसंत और बजट एक साथ आते हैं। यूं तो इन दोनों में कोई ज्यादा समानता नहीं होती, फिर भी इनकी वाहवाही में बहुत सी समानताएं देखी जा सकती हैं। यही कारण है कि वसंत और बजट के राग दरबारी हर चौराहे पर देखे जा सकते हैं। कोई कहता है वाह! क्या मौसम आया है, तो वहीं तमाम यह कहने वाले भी मिल जाएंगे कि 'एक तो बड़े अजीब किस्म का मौसम है और ऊपर से आफिस जाना है।' इसी तरह बजट को लेकर कुछ नेताओं से लेकर अर्थशास्त्री उसे आंकड़ों की बाजीगरी बताकर मुंह फुलाते हैं तो तमाम उसे बेहतर भविष्य की आधारशिला रखने वाला करार देने में कंजूसी नहीं बरतते। बजट और वसंत का यह विमर्श चाहे जितना लंबा खिंच सकता है, लेकिन एक बात जरूर तय है कि जिसके पास कोई बजट नहीं, वह वसंत से क्या कहे? उसका कैसा वसंत-बहार..! बिन बजट वसंत तो निल बटे सन्नाटा ही है। फिर भी बहुत से राग दरबारी बजट पर बड़े-बड़े लेख लिख रहे हैं। मीडिया को बाइट दे रहे हैं। बजट की दो सप्ताह पहले से समीक्षा करनी शुरू कर दी गई थी और लगता है कि दो सप्ताह बाद तक भी जारी रहेगी। कोई कह रहा है कि यह बजट आम आदमी के लिए रामबाण सिद्ध होगा तो कोई बजट को आम आदमी के खिलाफ बता रहा है। ऐसे में बजट बाबू है कि कुछ भी सुनने को तैयार ही नहीं। वह अपनी ही धुन में घटते-बढ़ते ही जा रहे हैं। जिसे दो वक्त की रोटी की भी चिंता नहीं है, जो हर बात में 'कबीरा खड़ा बाजार' धुन बजाने लग जाते हैं, पत्रकार उनसे प्रश्न कर रहे हैं कि बजट आपके लिए कैसा रहा? आप इसे कितने नंबर देने वाले हैं? जो कभी किसी परीक्षा में कभी अच्छे नंबर नहीं लाया, उससे बजट के लिए नंबर मांगे जा रहे हैं। बजट यह सब देखकर घाटे वाली हंसी में हंस रहा है। उसकी मुस्कान के सूचकांक कुछ ओर ही आंकड़े बता रहे हैं। इस बजट-वसंत के राग पर हर माली लोकतांत्रिक लहजे में मंद-मंद हंस रहा है। एक स्थिति यह भी है कि बजट की अफरातफरी में वसंत ज्यादा कुछ नहीं समझ पा रहा है। वसंत सप्ताह बीतने को है, लेकिन बहार का अता-पता ही नहीं है। राग दरबारी अपने-अपने दिन मना रहे हैं। सबने वसंत के लिए अपने-अपने बजट का जुगाड़ पहले से ही कर रखा था। वसंत एक बार फिर बजट का कर्जदार हो गया। कहां तो बुद्धिजीवियों को बजट में दो जून की रोटी तक नजर नहीं आ रही है। वहीं वसंत के माध्यम से राग दरबारियों ने बजट की चर्चा में चार चांद लगा दिए। हर बार की तरह इस बार भी वसंत सप्ताह में छोटे से बड़े नगर तक बाजार गुलजार है। इंटरनेट मीडिया पर 70 साल से ऊपर वाले राग दरबारी भी वैलेंटाइन डे के संदेश उछाल रहे हैं। वसंत बहार के गीत गा रहे हैं। 'हमारी संसद बजट-बजट के शोर से गुंजायमान हो रही है और उसके बाहर लोकतंत्र वसंत से कलियां चुरा रहा है। एक तरफ आलोचनाओं का गुलाल है, तो दूसरी ओर गंगा-जमुनी रंग से भरी प्रेम की पिचकारियां छोड़ी जा रही है।' कलियों के खिलने और ?संसद में हलवा बनाने वाले इस कोमल काल में समझ नहीं आ रहा कि मैं ऐसे राग दरबारी दौर में क्या करूं मैं मन को सुमित्रानंदन पंत की पंक्तियों के माध्यम से समझाने का भी प्रयास रहा हूं,दूसरी ओर लोग कह रहे हैं कि बजट और वसंत दोनों अपनी चरम सीमा पर हैं। फिर भी, न मैं बजट को पढ़-समझ पा रहा हूं और न ही वसंत की बहारों का अपेक्षित आनंद ले पा रहा हूं। बजट के आंकड़े मेरे लिए हमेशा से एक कठिन रसायनशास्त्र की तरह रहे हैं और वहीं वसंत का रसायन जब तक मेरे समझ में आता है, कमबख्त यह वसंत-बहार मेरे हाथ से निकल जाता है! लगता है इस बार भी आभासी बजट और वसंत के राग दरबारी रंगों से ही काम चलाना होगा।

# उद्यमियों को खलनायक सिद्ध करने की कोशिश, आत्मघात की तरह है रोजगार देने वालों को बदनाम करना

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के समय राहुल गांधी ने अदाणी समूह का मामला संसद में जोर-शोर से उठाया। उन्होंने अदाणी समूह के अप्रत्याशित विस्तार का उल्लेख करते हुए सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की। राहुल गांधी पिछले सात-आठ सालों से अंबानी-अदाणी के जुमले के जरिये प्रधानमंत्री मोदी पर आक्षेप लगाते आ रहे हैं। उन्होंने अपने हर दूसरे-तीसरे संबोधन में अंबानी-अदाणी का जुमला उछाला है। भले ही राहुल गांधी यह मानते हों कि उनकी ओर से प्रधानमंत्री पर लगाए जाने वाले आरोपों से उन्हें राजनीतिक लाभ मिल रहा है, लेकिन चुनाव नतीजे कुछ और ही कहते हैं। पिछले आठ-नौ सालों से कांग्रेस का ग्राफ लगातार नीचे जा रहा है। किसी नेता की ओर से किसी उद्योगपति का हेलीकाप्टर-चार्टर प्लेन इस्तेमाल करना कोई नई-अनोखी बात नहीं। क्या राहुल गांधी यह कह सकते हैं कि आज तक उन्होंने किसी अन्य के चार्टर प्लेन का इस्तेमाल नहीं किया? राहुल जनता को यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि नरेन्द्र मोदी के गुजरात से आने के कारण उनके वहां के उद्यमियों से संबंध हैं। क्या ऐसा होना अपराध है? राहुल गांधी जिस तरह अंबानी-अदाणी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि वे इन उद्यमियों की सफलता से ईर्ष्या करते हैं। उन्होंने यह जो माहौल बनाया है कि मोदी सरकार अंबानी-अदाणी की मददगार है, उससे कुछ लोगों और यहां तक कि नौकरशाहों को भी यह लग सकता है कि वास्तव में ऐसा ही है, लेकिन क्या यह सच्चाई है? कम से कम अभी तक ऐसे कहीं कोई प्रमाण नहीं कि नियामक संस्थाएं अपना काम सही तरह नहीं कर रही हैं। यह भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से बैंकों की कार्यप्रणाली सुधारने का परिणाम है कि उनका एनपीए नियंत्रित हुआ है। यही कारण है कि आज भारत के पूंजी बाजार की विश्व में धाक है।



विश्व की लगभग हर एजेंसी मानती है कि भारत का पूंजी बाजार ऊंचाई को छुएगा। जब यह स्पष्ट है कि अदाणी समूह की कार्यप्रणाली नियामक संस्थाओं की निगरानी में थी और हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से जो सवाल उठे हैं, उन्हें देखते हुए सेबी अभी भी इस समूह के कुछ पहलुओं की छानबीन कर रही है, तब यह कहना सही नहीं कि नियामक एजेंसियां अदाणी समूह के तौर-तरीकों से मुंह फेरे रहीं। भारतीय शेयर बाजार में लगभग 4000 से ज्यादा कंपनियां पंजीकृत हैं। इन सभी का बाजार मूल्य ऊपर-नीचे होता रहता है। इस पर नियामक संस्थाएं लगातार नजर रखती हैं। इस समय भी वे यह काम कर रही हैं। क्या राहुल गांधी यह चाहते हैं कि उनके आरोपों के चलते नियामक संस्थाओं को अदाणी समूह के खिलाफ बिना किसी जांच के कार्रवाई करनी चाहिए? मोदी सरकार लगातार इस पर बल देती रही है कि हर नागरिक के लिए नियम-कानून एकसमान होने चाहिए। सरकार ने हर जांच एजेंसी और नियामक संस्थाओं को इसकी छूट दी हुई है कि वे नियम-कानूनों के तहत अपना काम करें और किसी को भी बख्शे नहीं। अदाणी समूह ऐसा अकेला समूह नहीं, जिसके शेयर तेजी से बढ़े हों। ऐसे और समूह भी हैं। कोर सेक्टर में काम करने के कारण अदाणी समूह का तेजी से बाजारीकरण कौतूहल का विषय जरूर है, लेकिन अभी ऐसे प्रमाण नहीं कि सरकार की मदद से कोई घपला हुआ है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद सरकारी बैंकों पर यह आरोप लगा कि उन्होंने अदाणी समूह को जरूरत से ज्यादा कर्ज देकर खुद को जोखिम में डाल लिया है। यही आरोप एलआइसी पर भी लगा, लेकिन यह स्पष्ट है कि एलआइसी हो या सरकारी बैंक, उनकी ओर से अदाणी समूह में किया गया निवेश और उसे दिया गया कर्ज एक-एक प्रतिशत से भी कम है। कांग्रेस आज से नहीं, अपने प्रारंभिक काल से ही समाजवादी सोच वाली पार्टी रही है, पर सोनिया गांधी के सक्रिय होने के बाद से वह वामपंथी सोच से ग्रस्त होती दिख रही है। कांग्रेस उन आरोपों का जवाब देने में सक्षम नहीं, जिनके तहत यह कहा जाता है कि सत्ता में रहते समय उसने उद्योगपतियों की अनुचित तरीके से मदद की। जो तमाम बैंक घोटाले हुए, उनके मामले में यही सामने आया कि घोटाला करने वालों ने संप्रग सरकार के समय अनाप-शनाप कर्ज लिया था। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती सकती कि गांधी परिवार के सदस्य नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर हैं। सत्ता से हटने के बाद से कांग्रेस यह माहौल बनाने में लगी हुई है कि पब्लिक सेक्टर को तबाह किया जा रहा है और उद्योगपतियों को अनुचित लाभ पहुंचाया जा रहा है। वह इस तथ्य को अनदेखा कर रही है कि पब्लिक सेक्टर के ही कारण भारत की आर्थिक प्रगति धीमी है। ये उद्योगपति ही हैं जो देश की अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं। देश के विकास में उद्योगपतियों की भूमिका को सबसे पहले नरसिंह राव ने तब समझा था, जब वह प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने ही देश को आर्थिक उदारीकरण की राह पर डाला। इसके बाद भी गांधी परिवार अपनी घिसी-पिटी समाजवादी सोच पर कायम है। इससे भी खराब बात यह है कि कांग्रेस नेता उद्योगपतियों को खलनायक साबित करने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। वे जिन उद्योगपतियों का नाम लेकर कोसते हैं, वे सभी कांग्रेस के समय फले-फूले। चाहे अंबानी हों या अदाणी, वे कांग्रेस शासित राज्यों में भी काम कर रहे हैं। समझना कठिन है कि इसके बाद भी उनके खिलाफ माहौल क्यों बनाया जा रहा है? अर्थव्यवस्था के मामले नारेबाजी की राजनीति ठीक नहीं विपक्षी दलों और खासकर कांग्रेस को यह ध्यान रखना चाहिए कि उद्योग-धंधों के विकास से ही रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। धन-संपदा का सृजन करने और रोजगार के मौके उपलब्ध कराने वालों को खलनायक की तरह पेश करना एक तरह का आत्मघात ही है। कम से कम कांग्रेस को तो इससे बचना ही चाहिए, क्योंकि इस रवैये से उसके साथ-साथ देश का भी नुकसान हो रहा है। कांग्रेस को यह नहीं भूलना चाहिए कि देश का वास्तविक विकास निजी निवेश से ही होगा और यह निवेश वही उद्योगपति करते हैं, जिन्हें राहुल गांधी और उनके सहयोगी निशाने पर लिए हुए हैं।

नारी तू अबला नहीं तू जगत जननी है
तेरे बिना न कोई अस्तित्व ,
कण कण तुझसे है, सहन सारा तुझमे है,
कभी तू माँ की मूरत, कभी तू बहन की सूरत,
कभी बेटी बनकर कानों में गूंजती प्यारी ललकारी है,
तू बोझ नहीं, बोझ हरण वाली वो रूप वो नारी है ,
कभी जीवन में बनकर अर्धांगिनी सारी हरण पीड़ा है,
मुस्कराहट से कभी बाबा के दर्द को भुला दे ,
कभी माँ की गोद में जा खुशिया बरसा दे,
सुना है घर आँगन, वीरान है जहाँ तेरा ,
दुर्भाग्य उसका जो ढूंढे भगवन मंदिर में,
देवी तो जा बैठी तेरे घर में ,
पूजनीय को तू समझे अबला बोझ
फिर तू कहाँ पाए भगवन संसार में हमारे,
नारी तू अबला नहीं तू जगत जननी है
तू ममता की मूरत तो कभी तू माँ काली और माँ दुर्गा का वो रूप,
तेरे बिना कहाँ संसार हमारा है,
नारी तू अबला नहीं तू जगत जननी है

हिना कौसर के एहसास हिना की कलम से



# विखंडन के मुहाने पर पाकिस्तान, अंग्रेजों के बनाए अस्वाभाविक से देश के खुल रहे जोड़

पाकिस्तान आर्थिक संकट से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आइएमएफ की कठोर शर्तों से बचने की भरपूर कोशिश कर रहा है, लेकिन उसे और कोई उपाय नजर नहीं आ रहा है। खबर है कि आइएमएफ ने पाकिस्तान को सैन्य व्यय घटाने को भी कहा है। डालर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपया 275 के करीब पहुंच गया है। उसके खजाने में मात्र तीन बिलियन डालर हैं। आइएमएफ की शर्तों के प्रभाव से पाकिस्तान में बिजली, गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बहुत बढ़ जाएंगी। हाल में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने अल अरबिया चैनल को दिए इंटरव्यू में माना था कि भारत से तीन-तीन युद्ध लड़कर पाकिस्तान को सिवा गरीबी, बेरोजगारी के कुछ नहीं मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से गंभीर बात करने की इच्छा जाहिर की, लेकिन कुछ ही देर बाद पलटकर इमरान खान की तरह अनुच्छेद 370 की बहाली का राग अलापने लगे। पाकिस्तान ने 1947 में तय किया कि उसका लक्ष्य हिंदुओं से मुक्ति, मजहबी विस्तार और कश्मीर है। हिंदुओं को प्रताड़ना, हत्या, अपहरण, देश निकाले से गुजरना पड़ा। पाकिस्तान की समझ से उसकी हिंदू-समस्या निपट गई और कश्मीर समस्या अभी शेष है। हाल में हुआ राजौरी का नरसंहार प्रमाण है कि पाकिस्तान का कश्मीर एजेंडा बदस्तूर चल रहा है। प्रश्न यह है कि हमने आजादी के बाद पाकिस्तान समस्या के समाधान के लिए क्या किया? निःसंदेह देश का विभाजन एक मजबूरी के तहत हुआ, लेकिन आखिर अंग्रेजों के प्रस्थान के बाद कौन सी मजबूरी बनी रही? कश्मीर युद्ध का उपयोग कर इस विभाजन को निष्प्रभावी करने का प्रयास तो हो सकता था। सरहदी गांधी खान अब्दुल गफ्फार खान ने पख्तूनों के लिए एक अलग विकल्प पख्तूनिस्तान पर रेफरेंडम की मांग की थी, लेकिन माउंटबेटन की भाषा बोल रहे प्रधानमंत्री नेहरू ने इसे अस्वीकार कर दिया। अलग फ्रंटियर राज्य पख्तूनिस्तान की आधारशिला बन सकता था। तब खान अब्दुल गफ्फार खान के मेहसूद, अफरीदी, वजीर, यूसुफजई कबीलों के लश्कर कश्मीर पर आक्रमण करने क्यों आते? अफगानिस्तान और पख्तूनिस्तान तो भारत की सीमा को स्पर्श कर रहे मित्र देश होते। बलूचिस्तान पहले से ही एक आजाद देश था। 13अप्रैल 1948 को जब पाकिस्तान ने सेनाएं भेज कर उस पर कब्जा किया तो हमें पूरी तरह से बलोचों का साथ देना चाहिए था। उन दिनों तो पाकिस्तान से युद्ध भी चल भी रहा था। पूर्वी पाकिस्तान 1948 में पूरी तरह हमारे हाथ में था। यदि हम रणनीतिक परिप्रेक्ष्य में देखें



तो भारत के लिए बड़ी आसानी से 1947-48 में पाकिस्तान समस्या का समाधान करने का अवसर था। हमारी सेना पाकिस्तान से दो गुना बड़ी थी, विश्वयुद्ध के अनुभवी जनरल थे, लेकिन रणनीतियों में अहिंसा के प्रवेश ने हमें विचारविहीन देश बना कर रख छोड़ा था। अगर आजाद फ्रंटियर सीमांत राज्य, आजाद बलूचिस्तान, पाकमुक्त कश्मीर, पाकमुक्त बंगाल परिदृश्य पर आ गए होते तो शेष पाकिस्तान के पास अपना जिहादी एजेंडा भूल कर भारत पर निर्भर सहयोगी देश बने रहने के अतिरिक्त कोई विकल्प ही न होता, लेकिन हम तो आदर्शवाद के लक्ष्यविहीन वायुयान के यात्री थे। पख्तूनिस्तान और बलूचिस्तान के आजाद होते ही पाकिस्तान उसी समय अपने विरोधाभासों के बोझ से ही ध्वस्त हो जाता, लेकिन तत्कालीन नेताओं ने समस्या का समाधान राष्ट्रहित की रणनीति में नहीं, मजहबी तुष्टीकरण में देखा। इस तुष्टीकरण ने यहां एक सशक्त पाकिस्तान लाबी खड़ी कर दी। पाकिस्तान ने जब 22 अक्टूबर 1947 के दिन कश्मीर जिहाद को प्रथम लक्ष्य बनाया, तब हमारा सामना नीतिगत विरोधाभासों से हुआ। गांधीवादियों के अनुसार विश्व में हमारा कोई शत्रु नहीं था और सैनिकों की जरूरत नहीं थी। गांधीवादी नीतियों के परिप्रेक्ष्य में भारत की राजनीतिक अवधारणा ही स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। परिणामस्वरूप जो स्थान राष्ट्रीय शक्ति को मिलना था, वह तुष्टीकरण की नीति को मिला। यही तुष्टीकरण पाकिस्तान ही नहीं आगे चीन के प्रति नेहरू की नीतियों में भी प्रकट होता है। कश्मीर पर युद्धविराम नेहरू की इसी तुष्टीकरण की नीति का परिणाम था। जो कश्मीर पाकिस्तान के कब्जे में चला गया था, उसकी वापसी का कोई विचार भी नहीं किया गया। कम से कम अब ऐसी विचारहीनता नहीं दिखाई जानी चाहिए, खासकर पाकिस्तान के अस्थिर भविष्य को देखते हुए। पाकिस्तान का भविष्य क्या है? अंग्रेजों के बनाए अस्वाभाविक से देश के जोड़ खुल रहे हैं। जो यूगोस्लाविया, सोवियत संघ के साथ हुआ, जो प्रथम विश्वयुद्ध में ओटोमन साम्राज्य के साथ हुआ था, वही होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अडानी घोटाले के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** जिला कांग्रेस कमेटी गौतम बुध नगर जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा सूरजपुर कलेक्ट्रेट पर एसबीआई बैंक के बाहर व ग्रेटर नोएडा अल्फा कमर्शियल बेल्ट एलआईसी ऑफिस के बाहर कार्यकर्ताओं ने अडानी घोटाले पर मोदी सरकार की चुप्पी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस देश की जनता के साथ अन्याय होने नहीं देगी। लड़ाई जारी है इस प्रदर्शन में शामिल होने वाले मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य दिनेश अवाना पूर्व अध्यक्ष नोएडा कांग्रेस शहाबुद्दीन जिला चेयरमैन अल्पसंख्यक कांग्रेस गौतम बुध नगर जावेद खान, सेवादल जिला अध्यक्ष वसी ल अहमद जिला उपाध्यक्ष रामभरोसे शर्मा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष राधा रानी, सेवादल प्रदेश महासचिव पंडित अशोक शर्मा, दादरी नगर अध्यक्ष किशन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिलाध्यक्ष धर्म सिंह, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव भगवती शर्मा, पीसीसी सदस्य पवन शर्मा, जेवर ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा दनकौर ब्लॉक अध्यक्ष नितेश शर्मा बिसरख ब्लॉक अध्यक्ष तरुण चौधरी राजपाल सिंह जिला उपाध्यक्ष`म्ः जिला सचिव दीपक शर्मा चंदन शर्मा अंकित शर्मा इमरान सैफी जीशान चौधरी, मोहम्मद चांद, मोहम्मद गुलफाम, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मुखिया , गौरव आधाना व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं मोजूद रहे।

### डेनमार्क, जर्मनी और नीदरलैंड ने 100 लेपर्ड 1 टैंक यूक्रेन भेजने का किया फैस

**लाबर्लिन।** रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मदद के लिए डेनमार्क, जर्मनी और नीदरलैंड ने फैसला किया है कि कम से कम 100 पुराने लेपर्ड टैंक 1 यूक्रेन भेजा जाएगा। यूक्रेनी रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने कहा कि जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने यूक्रेन की राजधानी कीव के औचक दौरे करने के बाद घोषणा की कि गर्मियों तक 20 से 25 टैंक यूक्रेन को मिल जाएंगे।

### त्रिपुरा में बोले पीएम- पहले एक ही पार्टी को थी झंडा फहराने की इजाजत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही दिनों का वक्त रह गया है। ऐसे में सत्ताधारी पार्टी भाजपा ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। भाजपा के कई कद्दावर नेता त्रिपुरा में चुनाव प्रचार में जुटे हैं। वहीं, अब पीएम मोदी ने भी शनिवार को एक रैली की। इस दौरान उन्होंने विरोधी दलों पर जमकर जुबानी हमला बोला। मोदी ने कहा, ठत्रिपुरा चुनाव की मेरी यह पहली जनसभा है और यहां मैं देख रहा हूं कि इतनी बड़ी संख्या में, जहां तक मेरी नजर जा रही है लोग ही लोग नजर आ रहे हैं।

## रामपुर बाघेलान छेत्र में खूंखार जानवर ने रात में भेड़ो पर किया जानलेवा हमला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।** जिले के रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत सगौनी वार्ड नंबर 3 में बीती रात किसी खूंखार जानवर द्वारा रामवृ्पाल पाल पिता स्व.गुलाबी प्रसाद पाल द्वारा पाली गई 53 भेड़ो में जानलेवा हमला किया जिसकी जानकारी भेड़ मालिक को सुबह तकरीबन 3:00 बजे हुई जिस पर उन्होंने रामपुर बघेलान थाने को सूचित किया जानकारी लगते हैं रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह के साथ रामपुर बाघेलान थाना से एस आई अल के मिश्रा प्रधान आरक्षक गिरजानन्दन तिवारी आरक्षक रामानुज दुबे मौके मुझे जिसमें तकरीबन 28 भेड़ो की जान जा चुकी थी वही 24 गंभीर रूप से घायल हैं उनके इलाज के लिए पुलिस द्वारा तत्काल पशु चिकित्सक डा अरुण कुमार शुक्ला और एस के वर्मा को बुलाया गया जिसमें उन्होंने आने के उपरांत उनका उपचार प्रारंभ किया जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वही ऐसी घटना को मद्द्येनजर रखते हुए विधायक श्री सिंह ने वन विभाग की टीम को सूचना दी और उस खूंखार जानवर पर नजर रखते हुए गांव को सुरक्षित रखने की बात कही।

## सरकार का वित्त वर्ष 2023–24का बजट पूरी तरह निराशाजनक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।**बजट पर निराशा व्यक्त करते हुए संतोष यादव शहर अध्यक्ष युवा कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग ने कहा है।की इससे न तो देश की अर्थव्यवस्था द्वारा हाल ही में पेश किया गया बजट भाजपा सरकार ने विगत कई वर्षों से पेंशन लागू करने की बात कर रही थी किंतु इसमें किसी भी प्रकार की इस बजट में चर्चा नहीं हुई, एक तरफ



में सुधार होगा और न ही विकास दर बढ़ेगी पूरी तरह दिशाहीन बजट है।जिससे देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ेगी। उन्होंने इसे जनविरोधी करार देते हुए कहा कि आज के मंहगाई के दौर में कर्मचारियों को लुभाने का असफल प्रयास किया गया है। कर्मचारियों को सात लाख तक की कर छूट को बड़ाकर बारह लाख किया जाना चाहिए था।सरकार टैक्स में छूट देने की बात कर रही है लेकिन वास्तविकता में सभी सरकारी कर्मचारियों के हक को दबाने का काम किया है, और सबसे बड़ी बात तो शिक्षा के क्षेत्र में कृषि के क्षेत्र में युवा बेरोजगार के एवं महिलाओं से संबंधित किसी भी हेल्थ केयर से संबंधित किसी प्रकार की बजट में चर्चा नहीं की गई जो की पूरी तरह से निराशा जनक है।

## सतना समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के पंजीयन के लिये 30 केन्द्रों का निर्धारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उर्पाजन के लिये जिले के कृषकों के पंजीयन कार्य कराये जाने के लिये पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा द्वारा कृषकों के पंजीयन कार्य के लिये जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा अनुसार 30 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये है। इन निर्धारित किये गये पंजीयन केन्द्रों में कृषक 6 फरवरी से 28 फरवरी तक प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक समस्त कार्य दिवसों में आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर पंजीयन करा सकते हैं कलेक्टर द्वारा तहसील उचेहरा एवं रामपुर बघेलान में 6-6, नागौद एवं मैहर में 4-4, मझगवां एवं रामनगर में 3-3 तथा अमरपाटन, कोटर, कोठी और रघुराजनगर में एक-एक पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये है। जारी आदेशानुसार तहसील उचेहरा में सेवा सहकारी संस्था भटनवारा का पंजीयन स्थल भटनवारा, सहकरी संस्था उचेहरा का उचेहरा, सहकारी समिति मर्यादित पतौरा का पतौरा, सहकारी समिति मर्या. श्यामनगर का श्यामनगर, सहकारी संस्था कुलगढ़ी का कुलगढ़ी और सहकरी संस्था लगरगवां का पंजीयन स्थल लगरगवां निर्धारित किया गया है।

## सतना रामपुर बघेलान छेत्र के बारी कला गाँव में हुआ सड़क हादसा जिसमें 14 से अधिक लोग हुए घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।** रामपुर बघेलान बाबूपुर चौकी क्षेत्र के बारी कला गाँव में हुआ सड़क हादसा जिसमें 14- से अधिक लोग घायल हुए सड़क है जो कंपनी द्वारा गाँव वालों के आने जाने के लिए कंपनी की माइनिंग लीज़ एरिया से निकलती है जिसमें बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा आम जनमानस के के लिए ऐसी घटिया सड़क जिसमें बड़े बड़े गड्ढे हैं और दोनों तरफ़ खाई है यह बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की बहुत बड़ी लापरवाही है कहने को तो बिरला कॉरपोरेशन ने बारीकला पंचायत को गोद में लिया है और किसी भी प्रकार की कोई सुविधा मुहैया नहीं कराई जा रही है 50 सालों में बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड को गाँव की जनता दिखाई नहीं दे रही है इस हादसे में हादसे में जो घायल हुए बारीकला कला के आम मज़दूर नागरिक थे।सतना जिले के बाबूपुर चौकी अंतर्गत बारी कला में मजदूरों से भरी ट्रेक्टर ट्राली पल्टी, ट्राली पलटने से 14 मजदूर गम्भीर रूप से घायल हुए. मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक बड़ा हादसा हो गया इस घटना में 14 मजदूर पूरी तरह से जख्मी हुए हैं। ट्राली में कुल 25 मजदूर बैठे हुए थे, स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर सभी घायलों को सतना जिला अस्पताल भेजा गया, आपको बता दें कि घटना बाबूपुर चौकी अंतर्गत बारी कला के पास की है। जहां बाबूपुर से मजदूरों को लेकर सतना की ओर ट्रैक्टर आ रहा था, मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर भल्ला डेयरी फार्म का है जो कि मजदूरी के लिए सभी मजदूरों को लेकर फार्म की ओर आ रहा था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया,मजदूरों से भरी ट्रेक्टर ट्राली पल्टी, 14 मजदूर गम्भीर आरोप है कि ट्रैक्टर चालक नशे में था जिसके कारण उसने स्टेरिंग पर से अपना नियंत्रण खो दिया, और ट्रैक्टर सड़क के किनारे जाकर पलट गया, बाबूपुर चौकी पुलिस घटना की अग्रिम कार्यवाही कर रही है, सभी घायलों का सतना जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।







## ग्रामीण प्रतिभाओं को तलाशने के लिए श्रेष्ठ प्लेटफार्म है क्षेत्रीय प्रतियोगिताएं - श्रीकांत चतुर्वेदी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** के ग्राम गोबरिया में श्रीकांत चतुर्वेदी फैंस क्लब द्वारा आयोजित क्षेत्रीय ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब रिगरा ने जीतकर चमचमाती ट्राफी पर कब्जा जमाया इसके साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा श्रीकांत चतुर्वेदी के कर कमलों से उसे ?11000 नगद धनराशि का पुरस्कार भी हासिल हुआ त् दूसरी ओर विरोधी टीम तिलौरा को 5100 नगद और उपविजेता ट्रॉफी से ही संतोष करना पड़ा त् इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित श्री चतुर्वेदी ने कहा कि गांव में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और उन्हें तलाशने के लिए क्षेत्रीय आयोजन सबसे बढ़िया प्लेटफार्म हैं उन्होंने आयोजन के लिए कमेटी के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया श्री चतुर्वेदी ने दोनों ही टीम के खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की त् इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रामानंद पटेल, कुलदीप तिवारी,दीपू भैया, अंकित सोनकिया,सुबोध मिश्रा,सूर्य प्रकाश चौरसिया,पार्षद जितेंद्र पांडे,मनीष पाठक, प्रमोद सिंह,संतोष पांडे राजा भैया, दीपक पांडे, गिरीश पटेल, नरेन्द्र सिंह, प्रेमलाल सिंह, प्रमोद शुक्ला, रामधनी गौतम, कोदू लाल कुशवाहा, भीमसेन तिवारी, सूरजपाल कोल, अयोध्या प्रसाद,मनोज त्रिपाठी, प्रदीप तिवारी,शिव प्रसाद विश्वकर्मा, मणिलाल तिवारी, हेमराज गौतम, गणेश त्रिपाठी, गंगा सिंह, सुखेन्द्र नट, प्रिंस द्विवेदी,शमशेर खान पप्पू मिस्त्री,सावन जयसवाल, श्रीनिवास चतुर्वेदी, अरुण चौरसिया,राहुल शर्मा,रवि चौरसिया,कृष्णा दुबे,पंकज पांडे,राकेश विश्वकर्मा, इंद्रमणी सिंह, रफीक खान, देवराज सिंह, राजू कोल,राजू रजक सहित नगर एवं ग्रामीणों अंचल के तमाम प्रबुद्ध जनों के साथ खेल प्रेमी दर्शक गण उपस्थित रहे ।

## 3 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 2 मोटर साइकिल बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 पुलिस टीम द्वारा मिण्डा तिराहा सेक्टर-59 के पास से 3 वाहन चोर 1.बोबी उर्फ मोदी



पुत्र हंसराज निवासी म0न0 542 नगला खारी दत्तावली थाना बल्ला जिला अलीगढ हाल मकान सुबोध यादव वृहस्पति बाजार के पास खोडा जनपद गाजियाबाद 2.गवेन्द्र सिंह पुत्र हरि सिंह निवासी ग्राम बदनपुर थाना हसाईन जिला हाथरस हाल पता दुर्गा मन्दिर खोडा जनपद गाजियाबाद 3.विवेक पुत्र शिवकुमार नि0 ग्राम गडेपुर थाना शाहाबाद जिला हरदोई हालपता आजाद विहार खोडा कालोनी जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी की 02 मो0सा0 यूपी16बीजेड-3751 व डीएल3एसईएम-2756 बरामद की गयी है। विवरण -अभियुक्तों द्वारा मोटर साईकिल एफजेड रजि0 नं0 डीएल 3एस ईएम-2756 को ओमेश ग्लोबल कंपनी सैक्टर-59 नोएडा के सामने से चोरी की गयी थी उपरोक्त मो0 साईकिल चोरी के सम्बन्ध मे थाना सैक्टर 58 पर मु0अ0स0-60/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत है व मो0 साईकिल स्पलेण्डर प्लस रंग काला यूपी 16 बीजेड-3751 को के0टी0जी0 रेस्टोरेन्ट, ठेका देशी शराब के सामने सर्विस रोड सैक्टर 62 नोएडा से चोरी की थी उपरोक्त मो0साईकिल के सम्बन्ध में थाना सेक्टर 58 पर ई-एफआईआर के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सेक्टर 58 पर मु0अ0स0-55/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत है इसके अलावा तीनों ने करीब ढेड-दो महीने पहले एनाजाईजर कम्पनी सैक्टर 60 नोएडा की पार्किंग से एक ग्लेमर मोटर साईकिल चोरी की थी जिसको अभियुक्तों द्वारा खोड़ा गाँव में राह चलते व्यक्ति को बैच दिया था, जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर 58 पर मु0अ0सं0-579/22 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

## निर्यात को बढ़ावा देने और एमएसएमई निर्यातकों की मदद के लिए तीन बड़े एक्सपोर्ट एसोसिएशन ने हाथ मिलाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सर्व प्रथम मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि सुरेश कुमार खन्ना का विवेकानंद नर्सिंग कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर फूल



मालाओं से उनका स्वागत किया गया इसके पश्चात यंग एंटरप्रेन्योर सोसाइटी एवम मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन एवं हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन नोएडा व बाइंग एजेंट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ सम्पन्न हुई मीटिंग में सभी संस्थाओं ने उद्योग से संबंधित विषयों पर माननीय मंत्री महोदय के साथ चर्चा की और अपना ज्ञापन दिया। इस दौरान बाइंग एजेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल ढींगरा ,बी ए ए की जनरल सेक्रेटरी श्रीमती तानिया भाटिया बी ए ए के वाइस चेयरमैन श्री सुमित छाबड़ा ,बी ए ए के कोषाध्यक्ष संजय खुराना,एच एच ई डब्ल्यू ए से सीपी शर्मा, के नेशनल जनरल सेक्रेटरी विशाल अग्रवाल राजीव बंसल मुरादाबाद के चेयरमैन रोहित ढल रजत सिंघल, सुरेश गुप्ता सहित काफी संख्या में निर्यातकों ने भाग लिया। राष्ट्रीय खत्री चैरिटेबल ट्रस्ट की 8वी बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सुरेश खन्ना (कैबिनेट मंत्री -उदप्रद सरकार) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष अजय टंडन जी ने ट्रस्ट के कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि ट्रस्ट के सदस्यो की सक्रियता बढ़ाने के लिए छेत्रवार समन्वयक निमित कर दिए गए है ताकि सदस्यो की सक्रियता बढ़ने के साथ साथ ट्रस्ट की गतिविधियो को भी गति प्रदान की जा सके। ट्रस्ट की विभिन्न योजनाओं की प्रारंभिक श्रेणी में अयोध्या जी मे खत्री भवन निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी गई है । उन्होंने ये भी बताया कि ट्रस्टी गण अयोध्या जी मे भूमि क्रय करने हेतु स्थानिय प्रशासन एवं प्रदेश सरकार के प्रतिनिधियों से भी मिल चुके है ।

## धर्म पब्लिक स्कूल ने और संस्कार केंद्र सर्फाबाद ने जीती नोएडा बसंत महोत्सव चैंपियनशिप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।**सोसायटी फॉर स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एडवांसमेंट (एस एस सी ए) की ओर से मंगलवार को आयोजित हुई 11वीं नोएडा बसंत महोत्सव चैंपियनशिप ट्रॉफी धर्म पब्लिक स्कूल, सेक्टर 22 ने जीत ली. रूरल कैटेगरी में संस्कार केंद्र



सर्फाबाद ने विजेता की ट्रॉफी जीती. सेक्टर- 6 एन ई ए सभागार में आयोजित हुई प्रतियोगिता में नोएडा-ग्रेटर के करीब 20 स्कूलों के 300 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। नोएडा अथॉरिटी के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने दीप प्रज्वलित करके नोएडा बसंत महोत्सव का उद्घाटन किया। एस एस सी ए के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल ने सभी स्कूलों बच्चों और मेहमानों का स्वागत किया. जबकि सचिव दिनेश भारद्वाज ने सोसायटी की गतिविधियों से अवगत करवाया. कार्यक्रम का संचालन सोसायटी मेंबर राजेश्वरी त्यागराजन ने किया. समारोह में जज की भूमिका आरवी त्यागराजन, अंजना थपलियाल और निशा जैन ने निभाई। प्रतियोगिता में शामिल हुए सेक्टरों के स्कूलों को अर्बन और ग्रामीण परिवेश के स्कूलों को रूरल कैटेगरी में बांटा गया था. सभी स्कूलों ने एक-एक करके विभिन्न राज्यों से जुड़े रंगारंग लोकनृत्य प्रस्तुत किए. इनमें पंजाबी, हरियाणवी, गुजराती गरबा, ओड़िया का कालाहांडी नृत्य, सिक्किम का नेपाली डांस समेत कई लोकनृत्य शामिल थे. समारोह देखने पहुंचे तालियां बजाकर उनका हौंसला बढ़ाया। समारोह में रूरल कैटेगरी में संस्कार केंद्र सर्फाबाद को विजेता ट्रॉफी प्रदान की. जबकि दूसरे स्थान की ट्रॉफी संस्कार केंद्र गढ़ी चौखंडी की टीम को दी गई. तीसरे स्थान की ट्रॉफी कंपोजिट स्कूल निठारी के खाते में गई. अर्बन कैटेगरी में धर्म पब्लिक स्कूल, सेक्टर 22 चैंपियन बनने में कामयाब रहा. जबकि डीएवी पब्लिक स्कूल को रनर अप की ट्रॉफी प्रदान की गई।

## सीमेंट फैक्ट्रियों को रामनिवास उरमलिया ने दिया आखिरी वक्त निराकरण पाने जुटे पीड़ित किसान एवं मजदूर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** मैहर क्षेत्र में स्थापित सीमेंट कारखानों से पीड़ित प्रभावित किसानों श्रमिकों एवं क्षेत्रीय युवा बेरोजगारों की समस्याओं को लेकर सिंह तथा क्षेत्रीय जन कल्याण संघर्ष समिति से अध्यक्ष रामनिवास उरमलिया, सचिव डॉ. राजकुमार गौतम ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता नारायण प्रसाद दुबे , कांग्रेस के जिला सचिव हरिश्चंद्र अग्रवाल सरपंच भरौली, इटहरा सरपंच बबलू पाण्डेय, श्रीमती ममता चतुर्वेदी सरपंच कुसेड़ी , पराग द्विवेदी, पुजारी चतुर्वेदी, विक्रमजीत पांडे ,नरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह ,दादूराम



वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास उरमलिया द्वारा बुलाई गई महापंचायत के प्रकरणों के निपटान हेतु बिरला सीमेंट फैक्ट्री रिलायंस ने पीड़ित प्रभावितों के प्रकरणों का निपटान किया । कांग्रेस नेता श्री उरमलिया द्वारा निराकरण हेतु रखे गए शिकायती प्रकरणों पर बहस के लिए बिरला सीमेंट प्रबंधन के डी जी एम राघवेंद्र सिंह ए बी पी एच आर, डॉ. आलोक गुप्ता, एच आर एस डी जॉन , एवम एच आर राकेश दिनेश प्रसाद मिश्रा के अलावा मजदूरों की ओर से इंटक के जिला महामंत्री विष्णुधर उरमलिया ने अपना पक्ष रखा। इस अवसर पर क्षेत्रीय जन कल्याण संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं महापंचायत के संयोजक रामनिवास उरमलिया ने प्रभावित किसानों के बीस ऐसे प्रकरणों को निराकृत कराया जिनकी जमीन फैक्ट्री ने अधिग्रहित तो कर ली थी लेकिन किए गए वायदे के अनुसार उन्हें नौकरी नहीं दी गई। इस अवसर पर दाहिया ,रमेश पटेल, प्रहलाद पटेल ,राजा पटेल, मनोज रजक, अजय तिवारी, शिवम पटेल, विकास पटेल ,दादू राम दाहिया ,गया प्रसाद सेन, अंकित उरमलिया ,विजय विश्वकर्मा ,सुनील पटेल ,रमेश पांडे ,कमलेश पटेल, रमेश सिंह, रामलखन पटेल, रोहिणी प्रसाद पटेल मदनलाल सोनी, काशी प्रसाद बर्मन, फूल सिंह आदि के अलावा सैंकड़ों की तादात में किसान एवम् मजदूर उपस्थित रहे।

## तमिलनाडु में निकल सकेगा आरएसएस का मार्च

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चेन्नई।** तमिलनाडु उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को राज्य की पुलिस को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को राज्य भर के विभिन्न जिलों में सार्वजनिक सड़कों पर रूट मार्च निकालने की अनुमति देने का निर्देश दिया है। 30 सितंबर, 2022 को मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु पुलिस को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को 2 अक्टूबर के बजाय 6 नवंबर को रैली आयोजित करने की अनुमति देने का निर्देश दिया था। लेकिन कोर्ट के आदेशों के बावजूद पुलिस ने आरएसएस के मार्च को नहीं निकलने दिया था। इसलिए न्यायालय आरएसएस द्वारा दायर अदालती याचिका की अवमानना पर सुनवाई कर रहा था।



## ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड करने वाले 16 अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 नोएडा पुलिस द्वारा ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड करने वाले 16 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये। यह नोएडा पुलिस के हाथ बडी कामयाबी लगी है। इस कार्य के लिए गौतम बुद्ध नगर की कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने पुलिस टीम के उत्साह वर्धन के लिए पचास हजार रुपये का इनाम दिया। इन अभियुक्तों के कब्जे से 12 लैपटॉप, 73 स्मार्ट फोन, 06 पासबुक, 19 चैक बुक, 90 एटीएम कार्ड, 58 सिम कार्ड, 01 बुकी ब्रीफकेस सूटकेस, 07 लैपटॉप चार्जर, 10 मोबाइल चार्जर, 03 बोर्ड एक्सटेंशन बिजली, 02 नेटवर्क राउटर, 06 पासपोर्ट, 05 कैलकुलेटर, 17 सिक्के यूएई करेन्सी, 60 परिचय पत्र आधार कार्ड/पेनकार्ड, 02 चार पहिया गाडी (हुंडई करेटा व महेन्द्रा थार) व 02 स्कूटी (होण्डा एक्टिवा व हीरो प्लेजर) बरामद की गई है। अभियुक्तों की महादेव बुक के ऑनर सौरभ चन्द्राकर से अभियुक्त सचिन सोनी डील कराता है, फिर महादेव बुक के ऑनर द्वारा अभियक्तों को फर्जी बैंक अकाउंट्स व फर्जी सिम कार्ड्स व मोबाइल फोन व लैपटॉप उपलब्ध कराये जाते है। अभियुक्तों द्वारा सेक्टर-108 में मकान नम्बर डी-309 मकान मालिक से बेब डिजाइन के कार्य हेतु 68,000 रु0 में किराये प्रतिमाह पर लिया गया। जो एक तीन मंजिला मकान है। अभियुक्तों द्वारा ग्राउण्ड फ्लोर पर वाहन खड़ा किया जाता है, फर्स्ट फ्लोर खाली, द्वितीय तल पर इनके द्वारा खाने व रहने की व्यवस्था की गयी है तथा तीसरे फ्लोर पर अभियुक्तों द्वारा अपना सारा सैटअप तैयार किया गया। अभियुक्तों द्वारा बिल्डिंग से बाहर जाते व अंदर आते समय मेन गेट पर ताला लगाया जाता है, जिससे स्थानीय लोगों को यह लगे कि बिल्डिंग में कोई नहीं रहता है। अभियुक्त अनसफ खान द्वारा इन अभियुक्तों को इनकी रोजमर्रा का जरूरत का सामान उपलब्ध कराया जाता था। कस्टमर द्वारा टेलिग्राम ऐप पर महादेव बुक के चैनल पर महादेव बुक के ह्वाटसप नम्बर 8808838884 /8808838889 आदि अनेक नम्बर पर गेम खेलने की आईडी खुलवाने का मैसज किया जाता है, फिर अभियुक्तों द्वारा कस्टमर को गेम खेलने व वेबसाइट चुनने के डेमो दिये जाते है फिर कस्टमर द्वारा उसमे से अपनी पसंदीदा वेबसाइट जैसे क्रिकेट बुज.काम, बेटभाई .काम, स्काई1एक्सचेंज .काम, लेजर 247.काम,गोल्ड 365.काम, टाइगर एक्सचेंज.काम, बेटबुक 247.काम, लोटस247.काम, लोर्ड एक्सचेंज .काम, सिल्वर एक्सचेंज .काम आदि वेबसाइट गेम खेलने की लिये चुनी जाती है। फिर कस्टमर को पेमेंट करने के लिये फोन पे, गूगल पे, पेटीएम , एकाउंट डिटेल्स , स्कैनर यूपीआई आदि पर पैसे ट्रांसफर करने के विकल्प दिये जाते हैं जिसमे कस्टमर कम से कम 100 रुपये और ज्यादा से ज्यादा जितना भी चाहता है, लाखों रुपये तक जमा कर सकता है। उसके बाद कस्टमर महादेव बुक के नम्बर पर पैसा जमा करने का स्क्रीन शॉट / स्लिप भेजता है इसके बाद कस्टमर अपने पैसों से आन लाइन गेम जैसे क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस, इलैक्शन, कब्बडी, तीन पत्ती, कसीनो, रोलिट, ड्रेगन टाईगर, लाईव कसिनो ताश के पत्तों के अनेक गेम खेलते है । इसमें कस्टमर अपना पैसा हार-जीत करने के लिये लगाता है। कस्टमर द्वारा कम पैसा लगाने पर जीता हुआ पैसा कस्टमर को लालच देने के उद्देश्य से उसके खाते में ट्रॉसफर कर दिया जाता है यदि कस्टमर अधिक पैसा लगानें पर जीत जाता है तो जीतने से पहले ही उसकी आईडी को ब्लॉक कर उसका पैसा अपने फर्जी खाते से विड्रॉल कर लिया जाता है। अभियुक्तों द्वारा एक बुकी ब्रीफकेश का प्रयोग किया जाता है जिससे एक समय में एक साथ 10 कॉलर्स को आपस में ऑनलाइन गेमिंग में सट्टा लगाने के लिए इंटरकनेक्ट किया जा सकता है। अभियुक्तों में से अक्षय तिवारी व दिव्य प्रकाश को दुबई जाने के लिये टिकट, होटल के पेपर, ट्रैवलिंग इन्श्योरेंस और बीजा व्हाटसअप पर भेजी गई जो इन दोनों को अभियुक्त सचिन सोनी के द्वारा मिली इन दोनों अभियुक्तों को दुबई ले जाने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर 05 लैपटॉप, 03 मोबाइल फोन दिय गये, ये दोनों दुबई एयरपोर्ट पर पहुंचे और एयरपोर्ट के बाहर एक अज्ञात लड़का मिला, जो इन्हें गाड़ी में बैठाकर अबुधाबी ले गया। जहां यह दोनों एक होटल में रूके तथा वहा पर 02 दिन तक कुछ नहीं हुआ। तीसरे दिन लैपटॉप और फोन चालू करके काम करने को कहा गया तथा एक व्हाट्सएप पर मैसेज आया और एक लिंक भेजा गया तो काम चालू कर दिया । इन दोनों द्वारा दुबई में 12 दिन काम किया गया। दोनो अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि फिर 02 लड़के जो लोकल दुबई के थे आये और लैपटॉप व फोन लेकर चले गय, यह लड़के अरबी और अंग्रेजी भाषा में बोल रहे थे उन्होने कहा कि अभी आप दोनों यहीं रूके, आपकी इण्डिया जाने की टिकट हो जायेगी तो वापस जाना होगा। इसके 9 से 10 दिन बाद फोन आया कि तुम्हारी टिकट हो गयी है. कल जाना है सामान तैयार कर लो।

# विकास खण्ड नगवां मे ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक के साथ कन्या जन्मोत्सव का किया गया आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** ब्लॉक नगवां के सभागार मे खण्ड विकास अधिकारी राजेश




सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय ब्लॉक बाल कल्याण एवम् संरक्षण समिति ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,महिला शक्ति केंद्र की टास्क फोर्स की बैठक आहुत किया गया बैठक मे शेषमणि दुबे ओ आर डब्ल्यू जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र द्वारा बाल मजदूरी, बाल तस्करी, बाल विवाह को रोकने के सम्बन्ध में रणनीति बनाते हुए कार्य किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिस पर समिति द्वारा सहमति की गयी बैठक के उपरांत खण्ड विकास अधिकारी महोदय द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत नवजात बालिकाओं के साथ केक काट कर कन्या जन्म उत्सव मना कर कन्याओं के माता को बेबी केयर किट का वितरण किया गया, खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कहा गया कि बेटी नहीं है कर्ज, यह तो है खुशहाली का फर्ज बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक , ओ.आर.डब्ल्यू शेषमणी दुबे महिला शक्ति केंद्र से नीतू यति सिंह महिला कल्याण अधिकारी,सीमा द्विवेदी,जिला समन्वयक ,योगेंद्र यादव एण्ध् रायपुर, डॉ0 एस0के0वर्मा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगवा , रामचरण प्रसाद सहायक विकास अधिकारी, बाबुलाल बाल विकास परियोजना अधिकारी , मीना जायसवाल व अन्य कर्मचारी गण एवम बालिकाओं के माता-पिता उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी हुई मौत घरों में मचा कोहराम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के बाड़ी गांव में परिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में बड़ेर में पत्नी की साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया फांसी की सूचना कमरे में सोने चला गया शनिवार की सुबह 7:30 बजे तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो कमरे में बने झरोखे से मृतक का बड़े भाई धर्मेंद्र ने देखा कि मनोज घर के बड़ेर में साड़ी का फंदा लगाकर लटक रहा है मृतक के बड़े भाई धर्मेंद्र दुबे ने डाला पुलिस



स्थानीय लोगों ने डाला पुलिस चौकी को दे दिया सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार गुप्ता ने पहुंचकर युवक को फंदे से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज कुमार दुबे उर्फ कल्लू पुत्र स्वर्गीय उमेश उर्फ पन्ना दुबे निवासी बाड़ी गांव रोज की भांति शुक्रवार की रात्रि भोजन करके अपने को सूचना दी घटना के दौरान मृतक मनोज की पत्नी मायके गई हुई है इस संदर्भ में डाला चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतक मनोज के भाई धर्मेंद्र दुबे की सूचना पर शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है परंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# सँयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सोंनभद्र बार एसोसिएशन को भेंट की गई पूर्व अध्यक्षों के छायाचित्र

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र।सोंनभद्र बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के शपथग्रहण



समारोह के अवसर पर कचहरी परिसर स्थित समारोह स्थल पर एसोसिएशन के दिवंगत हो चुके पांच पूर्व अध्यक्षों की प्रतिमाओं का भव्य रूप से बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश व बार कौंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्रीनाथ तिवारी एवं सँयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश एवं बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश(अनुशासन समिति)के सदस्य राकेश शरण मिश्र,बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य राकेश पाठक, विनोद कुमार पांडेय,जनपद व सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव, मंचासीन न्यायायिक अधिकारीगण व अन्य मंचासीन विशिष्ट अतिथियों द्वारा अनावरण किया गया। इस अवसर पर मंचासीन सभी विशिष्ट अतिथियों ने दिवंगत अध्यक्षों के अधिवक्ता हितों में उनके किये गए योगदान को याद करते हुए पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब हो कि दिवंगत अध्यक्षों में स्मृति शेष महेंद्र पांडेय, चंद्रभूषन मिश्र, राम कृष्ण तिवारी, प्रभु नारायण पांडेय एवं अरुण कुमार पांडेय की प्रतिमा (छायाचित्रों) को आनावरण हेतु राकेश शरण मिश्र द्वारा सोंनभद्र बार एसोसिएशन सोंनभद्र के अध्यक्ष नरेंद कुमार पाठक को भेंट की गई। श्री मिश्र द्वारा किये गए इस महनीय कार्य की पूरे अधिवक्ता समाज में जम कर न सिर्फ चर्चा हो रही है बल्कि इसे एक ऐतिहासिक कार्य की संज्ञा दी जा रही है। प्रतिमा अनावरण के पश्चात श्री मिश्र ने कहा कि आज का दिन ना केवल मेरे लिए बल्कि सोंनभद्र बार एसोसिएशन सोंनभद्र के लिए भी बहुत ही गौरवान्वित करने का दिन है हमेशा हमेशा के लिए अविस्मरणीय रहेगा।

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं की तैयारियां तेज, डबल लॉक में रखे जाएंगे प्रश्नपत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं की तैयारियां तेजी पर हैं। अधिकांश विद्यालयों में प्रवेशपत्र बांटे जा चुके हैं। जबकि कुछ जगहों पर इनका वितरण जारी है। प्रायोगिक परीक्षाएं हो चुकी हैं। इसके साथ ही केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं भी पहुंच गई हैं। प्रश्नपत्र की सुरक्षा को लेकर बोर्ड सतर्क है। उसने केंद्रों पर प्रश्नपत्रों को डबल लाक में रखने के निर्देश दिए हैं। इस बार परीक्षा की शुचिता को लेकर बोर्ड प्रयासरत है। उत्तर पुस्तिकाओं पर क्यूआर कोड डाला गया है। ताकि वे पूरी तरह से




सुरक्षित रहें। इसी प्रकार केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक कर जिला विद्यालय निरीक्षक ने उनको सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश दिया। कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेटों की निगरानी में पूरी परीक्षा होगी। इस बार बोर्ड की परीक्षा में जिले के 119 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 76462 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसमें हाईस्कूल में 42657 व इंटरमीडिएट मं 33462 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। राजकीय इंटर कालेज में बना जनपदीय नियंत्रण कक्ष से जिले के सभी परीक्षा केंदों को जोड़ दिया गया है। इसका प्रायोगिक परीक्षाओं के दौरान परीक्षण भी कर लिया गया है। इस बार परीक्षा की शुचिता को लेकर बोर्ड प्रयासरत है।

# दुष्कर्म के दोषी मुकेश भारती को 10 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** 9 वर्ष पूर्व 15 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण व दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी मुकेश भारती को 10 वर्ष की कैद एवं 40 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पन्नूगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 25 जनवरी 2014 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह अपनी पत्नी के साथ रोजी रोटी के लिए मेले में गया था। घर पर उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी व अन्य छोटी बेटियां थी। 14 जनवरी 2014 को गांव के छह लोगों पर शक जाहिर करते हुए कि इन लोगों ने



रंजिशन धमकी दिया था। उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने पीड़िता को बरामद किया और बयान लेने के बाद धारा में बढ़ोत्तरी की गई। जबकि नामजद लोगों के विरुद्ध साक्ष्य न मिलने पर उनका नाम विवेचक ने निकाल दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में मुकेश भारती पुत्र बाबूलाल भारती निवासी भैसाय, थाना मुस्करा, जिला हमीरपुर के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी मुकेश भारती को 10 वर्ष की कैद एवं 40 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी।

## चोपन थाना क्षेत्र के प्रीत नगर के पास दो बाइकों की टक्कर में 4 लोग हुए गंभीर रूप से घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**जनपद सोनभद्र के चोपन थाना क्षेत्र के प्रीत नगर अग्रवाल प्रिंटिंग प्रेस पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की आमने-सामने के जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार सभी राजू मौर्य अजय विश्वकर्मा 35 वर्ष, अनिल विश्वकर्मा 25वर्ष, और 24 वर्ष विकास विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष लोग गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो ओबरा से चोपन आते समय एक ही भाई पर 3 लोग सवार थे वही विपरीत दिशा से एक बाइक आ रही थी जिसके कारण दोनों बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना देर रात्रि 11:30 बजे की है वहीं स्थानीय लोगों ने घायलों को निजी साधन से चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दो राजकुमार मौर्य पुत्र महेंद्र मौर्य निवासी पटवध तथा अजय पुत्र हलदेव की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर अपराधी गिरफ्तार ,मोटरसाइकिल पिस्तौल व खोखा बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** थाना चोपन डाला स्थित बग्घानाला के पास बीती रात करीब डेढ़ बजे के आसपास बदमाशो से मुठभेड़ में चोपन एसएचओ की गाड़ी पर हुई फायरिंग में बाल बाल बचे थे। संबंधित घटना बीते 3 फरवरी चोपन डाला सोनभद्र क्राइम ब्रान्च सोनभद्र व थाना चोपन पुलिस के मुठभेड़ में 01 नफर हार्डकोर अपराधी/ पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 02 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, घटना मे प्रयुक्त 01 अदद पिस्टल एवं 01 अदद जिंदा व 02 अदद खोखा कारतूस एवं एक अदद मोटरसाइकिल बरामद- प्रकरण- अवगत कराना है कि दिनांक 03.02.2023 को थाना चोपन क्षेत्र के मालोघाट टोल प्लाजा के पास हुए लूट के सम्बन्ध में वादी मुकदमा श्री तेजाबुद्दीन अंसारी पुत्र इस्लाम शेख निवासी निमियाडीह थाना गढवा जनपद गढवा झारखण्ड की लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0स0 16/ 2023 धारा 392 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था । उक्त अभियोग मे दिनांक 06.02.2023 को घटना का सफल आनावरण करते हुए घटना में लूटी गयी स्वीफ्ट डिजायर कार को 02 नफर अभियुक्त के साथ बरामद कर अभियुक्तगणो को जेल भेजा गया था तथा गिरफ्तार अभियुक्तगणो के बयान के आधार पर उनके दो अन्य साथी के गिरफ्तारी के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा 02 नफर फरार अभियुक्तगणों पर 25,000- 25,000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था । पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी नगर सोनभद्र पर्यवेक्षण में घटना से सम्बन्धित फरार अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु क्राइम ब्रान्च सोनभद्र व थाना चोपन पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गयी । इस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर चेकिंग की जा रही थी, आज दि0 07.02.2023 को बीती रात्रि समय 02.20 बजे बग्घानाला पर चेकिंग अभियान के दौरान अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायर किया जिसपर पुलिस टीम की जबावी कार्यवाही में 01 नफर हार्डकोर अपराधी/ पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त 01 अदद पिस्टल एवं जिंदा व खोखा कारतूस व एक अदद मोटर साइकिल बरामद किया गया । पूछताछ से प्राप्त तथ्य - अभियुक्तगणों से पूछताछ में तथ्य प्रकाश में आया कि सुशील कुमार राम उर्फ रितेश उर्फ नितेश उर्फ खतरे उर्फ गुरु पुत्र बैजनाथ राम निवासी ढांचाबार थाना पाण्डू जनपद पलामू







झारखण्ड एक हार्ड कोर क्रिमिनल है । इसने अपने कुछ साथियो का गिरोह बना रखा है, जो नक्सली गतिविधि में संलिप्त है । जिसके सक्रीय सदस्य दिलीप पासवान उर्फ दीपक पुत्र संजय पासवान निवासी गढ़वा झारखण्ड तथा रिकेश सिंह उर्फ वस्तिया निवासी नई बस्ती ओबरा जनपद सोनभद्र व आशीष कुमार उर्फ गुड्डू निवासी ओबरा सोनभद्र का एक गैंग बना रखा था । इस गैंग की एक प्लानिंग थी कि पुरानी माडल की गाड़ी को लूट कर दिनांक 06.02.2023 को सांय को सासाराम बिहार में जाकर एक बड़े व्यवसायी की लूट/ हत्या करने की योजना थी, किन्तु दो साथी रिकेश व आशीष दिनांक 06.02.2023 को लूटी गयी कार के साथ गिरफ्तार कर लिये गये थे जिसके कारण से कल की इन लोगो की योजना असफल हो गयी थी । इस योजना में असफल होने पर दोनो चोपन बग्घा नाला होते हुए ओबरा व झारखण्ड जा रहे थे कि दिनांक 07.02.2023 को रात्रि 02.00 बजे पुलिस टीम के साथ मूठभेड़ हुई, जिससे 02 अपराधी पकड़े गये ।

# 13 वर्षीय नाबालिग के साथ अपहरण करने के पश्चात दुष्कर्म करने वाले गोविंद को 15 वर्ष कि कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** साढ़े 10 वर्ष पूर्व 13 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी (सीएडब्लू) सोनभद्र आशुतोष कुमार सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी गोविंद उर्फ कल्लू को 15 वर्ष की कैद व 80 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अपहरण के दोषी शिवगुलाम व सरोज को दोषसिद्ध पाकर 7- 7 वर्ष की कैद व 30- 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2- 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की आधी धनराशि 70 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। इअभियोजन पक्ष के मुताबिक राबट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपने अधिवक्ता के जरिए 11अक्तूबर 2012 को कोर्ट में दिए धारा 156(3) सिआरपीसी के प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग लड़की को राबट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव की सरोज पुत्री प्रेम कुमार अपने साथ 2 अक्तूबर 2012 को शाम 7 बजे पोखरा पर लेकर गई थी। उसने मोबाइल से राबट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र के सहिजन कला गांव निवासी गोविंद उर्फ कल्लू पुत्र लालजी को बुलाई। गोविंद ने उसे 8 हजार रूपये दिया और उसकी बेटी को गोविंद के हवाले कर दिया। गोविंद बेटी को लेकर राबट्र्सगंज में अपने साली के यहां ले गया और रात भर रखा था। सुबह राबट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मड़रा गांव निवासी शिवगुलाम पुत्र रामजियावन को गोविंद ने बुलाया और उसके साथ रेलवे स्टेशन राबट्र्सगंज ले गया और 5 हजार रूपये शिवगुलाम को देकर भेज दिया। उसे ट्रेन से विंध्याचल ले गया और कमरा लेकर दो दिन रखा था। इस दौरान उसकी बेटी के साथ चार बार जबरन बलात्कार किया है। बेटी भय की वजह से कुछ नहीं कर पाई। इसकी जानकारी होने पर थाने को सूचना दिया, किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब सोनभद्र एसपी को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट के आदेश पर राबट्र्सगंज कोतवाली पुलिस ने 7 नवंबर 2012 को एफ आई आर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी गोविंद उर्फ कल्लू को 15 वर्ष की कैद व 80 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अपहरण के दोषी शिवगुलाम व सरोज को 7- 7 वर्ष की कैद व 30- 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

# दिशिता महिला मंडल द्वारा वाटर कूलर एवं प्यूरीफायर का शुभारम्भ



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनपरा सोनभद्र।** दिशिता महिला मंडल रेनूसागर द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गर्मी की तपन शुरू होने से पूर्व ही बच्चों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए उन्हें गर्मी में शुद्ध शीतल पेयजल की प्राप्ति हो इसके लिए प्राथमिक पाठशाला में वाटर कूलर व प्यूरीफायर लगाया गया। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती इन्दू यादव द्वारा फीता काट कर वाटर कूलर व प्यूरीफायर का शुभारम्भ किया गया साथ ही उन्होनें कहा कि इस पाठशाला में अधिकांश बच्चे निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से आते है जिनके स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए यह वाटर कूलर व प्यूरीफायर काफी उपयोगी साबित होगी। इसके पूर्व प्राथमिक पाठशाला के प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय ने दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती इन्दू यादव का स्वागत करते हुए दिशिता महिला मंडल के किये हुए कार्यो की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिशिता महिला मंडल कि सचिव ऋतु हर्षवर्धन, बबीता सिंह, सपना तिवारी, तपस्वनी नायक, आशा सैनी, विभा सिंह, व अन्य सदस्यायें का सराहनीय सहयोग रहा।

# ग्रामीणों से पूछा आवास के लिए पैसा तो नहीं लिया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
मिर्जापुर। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को जिले का दौरा किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय, सीएचसी, गोशाला, धान क्रय केंद्र इत्यादि का निरीक्षण किया, लोगों




से योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी ली। विधायक राहुल कोल के आवास पर जाकर शोक जताया। तत्पश्चात नगर के एक लॉज में बजट पर चर्चा के साथ कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। वहीं, विंध्याचल मंदिर में दर्शन पूजन करने के साथ ही कारिडोर का निरीक्षण किया। आवास के लाभार्थी से पूछा कि आवास के लिए पैसा तो नहीं लिया गया। कहा कि मोदी ने उनको उनका दुखदर्द जानने के लिए भेजा है। राजगढ़ : उपमुख्यमंत्री ने धनसरिया ग्राम के प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। बच्चो से उनके खाते में आए धन के बारे में पूछा। गौशाला में गो की। आवास पाने वाले व्यक्ति से पूछा कि आवास के बदले में पैसा तो नहीं लिया गया है। धनसिरिया की बुधनी के आवास मांगने पर उन्होंने डीएम को निर्देश दिया। ददरा स्थित साधन सहकारी समिति धान क्रय केंद्र पर धान की तोली गई बोरी को पुनः तौलवाया तो बोरी में 200 ग्राम कम धान मिलने पर नारजागी जताई। पाया गया। ब्लाक पर प्रधान संघ ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। पत्रकारो से कहा कि योजनाएं गरीब तक पहुंच रही है, कि नहीं। यह जानने के लिए गांव का भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, एसपी संतोष कुमार मिश्र, सीडीओ वीएस लक्ष्मी, एबीएसए प्रेमचंद यादव, पीडी अनय कुमार मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे। मड़िहान : उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सीएचसी मड़िहान का निरीक्षण किया। चिकित्सा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिये सीएमओ को निर्देश दिया। कहा कि बच्चों एवं वृद्धों का उपचार प्राथमिकता पर किया जाय। कोविड वार्ड को समाप्त कर जनरल वार्ड में तब्दील करने को कहा। अस्पताल में पानी की व्यवस्था के लिए आदेश दिया। विधायक रमाशंकर सिंह ने आठ सीएचसी में मरीजों की जांच के लिए हेल्थ एटीएम की व्यवस्था की बात बताई। पटेहरा : दीपनगर में 10 करोड़ 71 लाख की लागत से सन 2016 से निर्माणाधीन दृष्टि बाधित आई स्पर्श बालिका राजकीय इंटर कालेज का उप मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया।

## वर्तमान में मीडिया रूपी चौथा स्तंभ लड़खड़ा गया है: डाक्टर चौथी राम यादव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** राबट्र्सगंज नगर पालिका सभागार में बुधवार को आयोजित




आजादी के 75 वर्ष के संदर्भ में पत्रकारिता तब और अब विषयक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग काशी हिंदू विश्व विद्यालय डाक्टर चौथी राम यादव ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया रूपी चौथा स्तंभ लड़खड़ा गया है। जिसकी वजह से प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया की विश्वसनीयता दिन प्रतिदिन लोगों के प्रति समाप्त होती जा रही है। यह पत्रकारों के लिए शुभ संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले की पत्रकारिता मिशाल रही, क्योंकि उस समय के पत्रकार निर्भीक व निडर होकर देश भक्ति के प्रति समर्पित रहकर कार्य करते थे। उनको यह जानकारी होती थी कि मेरी मौत हो सकती है, फिर भी उसकी परवाह नहीं करते थे और अपने मिशन में लगे रहते थे। वर्तमान समय में एकदम विपरित कार्य मीडिया का हो गया है। वर्ष 2014 के बाद से मीडिया की हालत अंग्रेजों की गुलामी से भी बदतर हो गई है। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजवादी चिंतक योगेंद्र नारायण ने कहा कि आजादी के पहले के पत्रकारों के कार्य से उनको हमेशा याद किया जाता है। लेकिन वर्तमान में वैसे पत्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में ही मिलेंगे, क्योंकि शहरी क्षेत्रों में अब वह विश्वसनीयता नहीं रह गई है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व अध्यक्ष काशी पत्रकार संघ कृष्णदेव नारायण राय व वरिष्ठ पत्रकार, लेखक सुरेश प्रताप, वरिष्ठ साहित्यकार रामनाथ शिवेंद्र, वरिष्ठ साहित्यकार पारस नाथ मिश्र ने भी विस्तृत विचार व्यक्त किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों का माल्यार्पण, बैज लगाकर स्वागत किया गया। इसके अलावा सभी लोगों को अंग वस्त्र व गणेश जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कवि अशोक तिवारी, कवि विकास वर्मा, कवि प्रदुम्न त्रिपाठी, पत्रकार राजेश कुमार पाठक, साहित्यकार दीपक केसरवानी, अनुपम वाणी व इशहाक खान को अंगवस्त्र व गणेश जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण संपादक श्रीधर द्विवेदी ने पेस किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डाक्टर अर्जुन दास केसरी व सफल संचालन वरिष्ठ लोक कवि जगदीश पंथी ने किया। आभार स्थानीय संपादक राम प्रसाद यादव ने किया। यह कार्यक्रम एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के 13वें स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया था। उक्त मौके पर चंद्रकांत शर्मा, राकेश शरण मिश्र,वीके मिश्र, सुनील तिवारी, रविंद्र केसरी, आशीष अग्रवाल, सचिन गुप्ता,डाक्टर वीरेंद्र बिंद, अरविंद त्रिपाठी, अमित पटेल, जनरंजन द्विवेदी, महेंद्र गांधी,सुंदर केसरी आदि मौजूद रहे।

# क्या धर्मशाला में नहीं खेला जाएगा तीसरा टेस्ट सामने आई बड़ी वजह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट नागपुर में खेला जा रहा है। बता दें कि पहले टेस्ट के तीसरे दिन का खेल काफी रोमांचक मोड में नजर आ रहा है। इस मैच का नतीजा दो दिन बाद ही आ जाएगा, जिसके बाद सीरीज के बाकी मैचों की तरफ रुख होगा, लेकिन इसी बीच सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच के वेन्यू में बदलाव को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आ रही है। बता दें कि पीटीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई तीसरे टेस्ट मैच के लिए वेन्यू धर्मशाला को बदल सकती है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं वेन्यू शिफ्ट करने के पीछे की वजह के बारे में।दरअसल, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नागपुर टेस्ट के बाद दोनों टीमें नई दिल्ली दूसरे टेस्ट मैच खेलने के लिए पहुंचेगी। 17 जनवरी से दूसरे टेस्ट का आगाज होगा, जबकि तीसरे टेस्ट में करीब एक हफ्ते का ब्रेक है। सीरीज का तीसरा मैच हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में होना है, लेकिन इस बीच धर्मशाला से टेस्ट मैच छिन सकता है। असल में स्टेडियम में पिछले कुछ महीनों से मरम्मत का काम चल रहा था, जिसके चहत मैदान में नई घास बिछाई गई और साथ ही पानी निकासी की नई व्यवस्था की गई। ऐसे में बीसीसीआई का मानना है कि हाल ही में स्टेडियम को रेनोवेट किया गया है। ऐसे में इस मैदान पर खेलने में काफी समय लग सकता है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम बहुत ही शानदार स्टेडियम है। इस मैदान पर अभी तक सिर्फ एक ही अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मुकाबला खेला गया है। बॉर्ड-गावस्कर ट्रॉफी 2016-17 सीजन में भारत ने यहां खेले गए मुकाबले को 4 दिनों में ही जीत लिया था।



# सूर्या-भरत के टेस्ट डेब्यू पर राहुल द्रविड़ की स्पीच वायरल, इस खास अंदाज से हुआ खिलाड़ियों का स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नागपुर में पहला टेस्ट खेला जा रहा है। बता दें कि पहला टेस्ट दो भारतीय खिलाड़ियों के लिए बेहद की खास रहा। जहां सूर्यकुमार यादव और विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत को टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिला। बता दें कि नागपुर टेस्ट के पहले दिन पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने दोनों खिलाड़ियों को डेब्यू कैप सौंपी। इसी बीच हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें हेड कोच राहुल द्रविड़ और पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री डेब्यूटेंट सूर्या-भरत को एक खास स्पीच देकर उनका टीम में स्वागत करते हुए नजर आ रहे है। दरअसल, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला नागपुर में खेला जा रहा है। बता दें कि पहले टेस्ट में टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और केएस भरत के डेब्यू के बाद एक वीडियो वायरल हो रही है, जिसमें हड कोच राहुल द्रविड़ दोनों खिलाड़ियों को एक खास स्पीच दे रहे है। द्रविड़ ने दोनों खिलाड़ियों के डेब्यू पर कहा, 'हमेशा यह काफी खास रहता है, जब कुछ और युवा खिलाड़ी हमारी टीम में शामिल होते हैं। यह खासतौर से लाखों खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा सपना सच होने जैसा रहता है और ऐसे बहुत कम खिलाड़ी होते है, जिन्हें टेस्ट कैप सौंपी जाती है और भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने का सौभाग्य और सौभाग्य मिलता है। सूर्यकुमार और भरत आप दोनों का भारतीय टीम की टेस्ट टीम में स्वागत है''बता दें कि पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने सूर्यकुमार यादव को टेस्ट डेब्यू कैप सौंपी। इस दौरान शास्त्री ने कहा, 'सूर्या, आपको ढेरों बधाइयां। इसे गर्व और सम्मान के साथ पहनें और याद रखें कि हर बार जब आप अपने देश के लिए खेलने के लिए उतरते है, तो आप यहां किसी की मदद से नहीं पहुंचे हैं। आपने जो किया है आप अपनी मेहनत के बदौलत यहां तक ??पहुंचे हैं। जिस तरह से आपने पिछले कुछ महीनों में प्रदर्शन किया है, वो वाकई काबिलेतारीफ है। आप इस खेल को बदलना मत। सिर्फ आपके इस शानदार खेल और काबिलियत के चलते आपको यह टेस्ट कैप मिली है।



# मैंने जो कुछ सीखा कोहली से ही', रोहित शर्मा ने कोहली को दिया पहले टेस्ट में मिली जीत का श्रेय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम ने नागपुर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 132 रनों के अंतर से करारी शिकस्त दी। बता दें कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले को जीतकर भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली, लेकिन रोहित शर्मा ने मैच के बाद अपनी सफल कप्तानी का श्रेय पूर्व कप्तान विराट कोहली को दिया। बता दें कि रोहित ने मैच के बाद हुई विराट की कप्तानी से मिली सीख को लेकर एक बयान दिया।''जब विराट कप्तान थे, तब मैंने एक बात पर ध्यान दिया था कि चाहें हमें विकेट मिले या नहीं, लेकिन दबाव लगातार बनाए रखना जरूरी है ताकि विरोधी टीम गलती करें और हमें इसका फायदा मिले। विराट की कप्तानी में जब भारतीय स्पिनर गेंदबाजी करते थे, तो यह बात मैंने सीखी। इसी से प्रेरित होकर मैं भी यही करने की कोशिश करता हूं इसके साथ ही रोहित ने आगे कहा, ''दबाव बनाए रखो और हर गेंद पर विकेट की उम्मीद मत करो, ऐसा होने नहीं वाला, ऐसा कुछ नहीं होगा। हमें इसके लिए कोशिश करनी होगी, गेंद को सही जगहों पर डालना होगा और पिच को अपनी मदद करने देनी होगी। भारत ने एक पारी और 132 रनों से जीता मुकाबल बता दें कि नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया टीम ने टॉस जीतकर पहल बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया टीम पहले दिन के खेल में ही 177 रनों पर ढेर हो गई। इसके जवाब में पहले दिन के खेल में भारत ने 1 विकेट के नुकसान पर 77 रन बनाए।वहीं, दूसरे दिन के खेल में कप्तान रोहित शर्मा ने दमदार शतकीय पारी खेली। उनके अलावा रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने अर्धशतक जड़ा। बता दें कि तीसरे दिन के खेल में भारत ने 400 रन बनाए। इसके जवाब में कंगारू टीम 91 रनों पर ही ढेर हो गई और इस तरह से तीन दिन में पहला टेस्ट खत्म हुआ और भारतीय टीम को एक पारी और 132 रनों से जीत मिली।



# भारत के बैटिंग कोच ने कर दी इस बल्लेबाज की तारीफ, कहा रन बनाने के लिए की है बहुत मेहनत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने शुक्रवार को मजबूत ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण के खिलाफ टर्निंग पिच पर शानदार शतक लगाने और टीम को शीर्ष पर पहुंचाने के लिए कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा की। रोहित ने नाथन लियोन और पैट कमिंस जैसे गेंदबाजों के शानदार आक्रमण के खिलाफ धीमी, टर्निंग पिच पर शानदार बल्लेबाजी करते हुए 120 रन बनाए। रोहित के शतक के बाद रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल के बीच आठवें विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी ने भारत को बढ़त लेने में मदद की। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 321/7 तक पहुंचें और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 144 रन की पहली पारी की बढ़त हासिल की।रोहित के शतक के बाद बल्लेबाजी कोच राठौर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ठरोहित में परिस्थितियों के अनुकूल ढलने और अपनी बल्लेबाजी शैली को बदलने की क्षमता थी, जिसने उन्हें नागपुर में सफल होने में मदद की। स्टार ओपनर ने गुरुवार को काफी आक्रामक शुरुआत की थी। 66 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद शतक लगाने के लिए उन्होंने 105 गेंदों का सामना किया। राठौर ने आगे कहा, ठमुझे लगता है कि एक बल्लेबाज के रूप में उसके पास यही गुण है। वह वास्तव में अच्छी तरह से चीजों को बेहतर करते हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो अपना खेल बदल सकते हैं। आप जानते हैं कि वह भारत में कैसा प्रदर्शन करते हैं और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में अपने रन कैसे बनाए। राठौर ने शुक्रवार को मैच समाप्त होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आज यह आसान विकेट नहीं था। उन्हें रन बनाने में कड़ी मेहनत करनी पड़ी। आम तौर पर वह शुरुआती रन बनाने के बाद आक्रमण करते हैं। वह वास्तव में आगे बढ़ना पसंद करते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या दिन के अंतिम सत्र में 95 रन बनाकर भारत ने आस्ट्रेलिया पर दबाव बना दिया है, तो राठौर ने कहा कि उनके लिए मैच तभी समाप्त होता है, जब आखिरी गेंद फेंकी जाती है।



# पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले भारत को लगा झटका, पहला मैच नहीं खेल सकेंगी स्मृति मंधाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना के रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच में नहीं खेलने की संभावना है। क्योंकि वह अभ्यास मैच के दौरान उंगली में लगी चोट से अभी तक उबर नहीं पाई हैं। भारतीय सलामी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार के अभ्यास मैच के दौरान फील्डिंग के दौरान हाथ की एक अंगुली को चोटिल हो गई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाएं हाथ की बल्लेबाज ने ओपनिंग के बजाय तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की। वह अपनी पारी के दौरान तीन गेंद ही टिक पाईं। नतीजतन, मंधाना बुधवार को बांग्लादेश के खिलाफ भारत के दूसरे अभ्यास मैच में नहीं खेल पाईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर की सेहत भी सवालों के घेरे में है। पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ट्राई सीरीज चैंपियनशिप मैच के दौरान उनके कंधे में चोट लग गई थी। फाइनल मैच के बाद कौर ने कहा था कि, स्वास्थ्य ठीक है। आराम करने से बेहतर होगा। गौरतलब हो कि पिछले दो वर्षों में मंधाना टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है। 2021 के टी20 विश्व कप में वह 46 की औसत और 138 की स्ट्राइक रेट के साथ भारत के लिए अग्रणी रन-स्कोरर थीं। उन्होंने केवल 5 पारियों में 235 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 83 रन था।



# टी20 विश्व कप में 12 फरवरी को भिड़ेंगे भारत और पाकिस्तान, इन पांच खिलाड़ियों पर रहेगी सबकी नजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका में शुक्रवार से महिला टी20 विश्व कप का आगाज हो गया। रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मैच खेला जाएगा। दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। ऐसे में कुछ खिलाड़ी हैं, जिनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें रहेंगी। इन पांच भारतीय महिला खिलाड़ियों पर रहेंगी सभी की निगाहें हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला टीम की कप्तान और विस्फोटक बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर भी पाकिस्तान के खिलाफ मैच में आकर्षण का बड़ा केंद्र हों सकती हैं। भारतीय कप्तान ने इससे पहले टी20 विश्व कप में पांच शतक जमाने वाली बल्लेबाजों में से एक हैं। वह दुनिया की सबसे अधिक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच (146) खेलने वाली और पांचवीं सबसे ज्यादा रन (2,940) बनाने वाली बल्लेबाज भी हैं। हरमनप्रीत भारत की ओर से महिला विश्व कप में दूसरी सबसे ज्यादा रन (458) बनाने वाली बल्लेबाज भी हैं। वह कभी भी मैच का रुख बदलने में माहिर हैं।पाकिस्तान की ऑलराउंडर निदा डार ने साल 2022 में बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 56.57 की औसत से 396 रन बनाए थे। पिछले साल एशिया कप के दौरान उन्होंने दमदार प्रदर्शन कर वाहवाही बटोरी थी। निदा डार ने 6 मैचों में 72.50 के शानदार औसत से 145 रन बनाए और अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से 14.87 की औसत से 8 विकेट भी चटकाए थे। वह भारतीय टीम के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। रेणुका सिंह हाल ही में आईसीसी इमर्जिंग विमेन्स प्लेयर ऑफ द ईयर बनीं हैं। इसके अलावा नई गेंद से विकेट लेने की क्षमता पाकिस्तान पर भारी पड़ सकती है। एशिया कप और राष्ट्रमंडल खेलों में रेणुका सिंह ने दमदार प्रदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रेणुका सिंह ने 4 ओवर में 18 रन देकर 4 टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों को आउट किया था। साउथ अफ्रीका में खत्म हुए अंडर19 महिला टी20 विश्व कप में शेफाली ने भारतीय अंडर19 टीम का नेतृत्व किया था। भारत ने इंग्लैंड को हराते हुए इतिहास रचा। इस जीत से शेफाली वर्मा का आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ था। साथ ही साउथ अफ्रीका की परिस्थिति में खेलने का ज्यादा अनुभव हो गया है। वह अपनी तेज तर्रार बैटिंग के लिए जानी जाती है। मंधाना के साथ ओपनिंग करते समय वह काफी आक्रामक होकर खेलती हैं। भारतीय टीम की युवा विकेटकीपर ऋचा घोष का नाम लिस्ट में पाचंवे नंबर पर है, जिनपर टी-20 विश्व कप 2023 में पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में निगाहें रहने वाली है। बता दें कि ऋचा घोष के पास हर वह काबिलियत है, जो विरोधी टीम के गेंदबाजों के होश उड़ाने का दमखम रखती है। उन्होंने अब तक भारत के लिए कुल 30 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, जिसमें 134.27 के स्ट्राइक से 427 रन बनाए हैं।





# राशिफल



**मेष-:** आप आने वाले दिनों की प्लानिंग करेंगे। आज मेहनत आपको पॉज़िटिव रिज़ल्टस दिलाएगी। बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा। किस्मत आपके साथ रहेगी।

**वृष-:** इस सप्ताह अपने निर्णयों पर दृढ़ रहें और दूसरों के विचारों से प्रभावित ना हों। अच्छा होगा कि आप अपने ही विचारों को सुने। किसी भी व्यक्ति को अपने ऊपर उसके विचार थोपने ना दें।

**मिथुन-:** किसी ऊँचे और ख़ास इंसान से मिलते समय घबराएँ नहीं और आत्मविश्वास बनाए रखें। यह सेहत के लिए उतना ही ज़रूरी है, जितना काम-धंधे के लिए पैसा।

**कर्क-:** इस सप्ताह जीवनसाथी के साथ विदेश यात्रा का प्लान बना सकते हैं। इस राशि के संगीतकार या वेब डिजाइनर्स के करियर में आज राजयोग की स्थिति बन रही है।

**सिंह-:** किसी विवाद से बचें। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजमर्रा की समस्याएं आसानी से सुलझ सकती हैं। महत्वपूर्ण फैसले लेना चाहते हैं, तो आज ले सकते हैं।

**कन्या-:** इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। काम जोश के साथ करेंगे।

**तुला-:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों की खरीददारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक-:** इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से संपर्क हो सकता है।

**धनु-:** नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**मकर-:** परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ-:** मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर विजय मिलेगी।

**मीन-:** पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में रुचि रहेगी।






# आर अश्विन ने पिच को लेकर ऑस्ट्रेलिया का उड़ाया मजाक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच को महज तीन दिनों में एक पारी और 132 रन से जीत लिया। बता दें कि इस जीत के साथ ही भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलियाई टीम भारतीय स्पिनर्स के सामने फ्लॉप रही, जहां गेंदबाजी में युवा स्पिनर टॉड मर्फी के अलावा कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाया। तो वहीं, भारतीय स्पिनर्स रवींद्र जडेजा और आर अश्विन का बोलबाला रहा। पहला मैच जीतने के बाद कप्तान रोहित शर्मा और अश्विन का एक इंटरव्यू तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों आपस में पिच को लेकर बातचीत करते हुए नजर आ रहे है।दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट मैच से पहले ही पिच को लेकर एक तीखी जंग शुरू की थी, लेकिन भारतीय टीम ने उसी पिच पर पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर कंगारू टीम के मुंह पर जोरदार तमाचा जड़ा है। बता दें कि भारत ने पहला टेस्ट मैच एक पारी और 132 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम किया। इसी कड़ी में मैच के बाद कप्तान रोहित शर्मा ‌िदपू ‌र्‌र्स) और आर अश्विन ने मैदान पर एक खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने एक दूसरे के परफॉर्में, पर चर्चा की। इसके साथ ही अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया पर निशाना साधते हुए रोहित से सवाल किया कि इस समय सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा चर्चा पिच को लेकर हो रही है। खास तौर पर मेहमान टीम की ओर से। जब आप बल्लेबाजी कर रहे या खेल रहे थे तो क्या कोई गेंद स्पिन होकर सिली प्वॉइंट पर नहीं गई। भारतीय बल्लेबाज मुश्किल में तो नहीं दिखें।

# एमपी पर बंगाल का दबदबा कायम कर्नाटक के खिलाफ सौराष्ट्र मजबूत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शेल्डन जैक्सन और अर्पित वासवदा के शानदार शतकों ने कर्नाटक के खिलाफ सौराष्ट्र को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। वहीं, बंगाल ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के तीसरे दिन गत चैंपियन मध्य प्रदेश पर हावी रहा। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में सौराष्ट्र ने दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट पर 364 रन बना लिए थे, जो कर्नाटक के खिलाफ सिर्फ 43 रन से पिछड़ रहे थे, जबकि अर्पित वासवदा (नाबाद 112) और चिराग जानी (नाबाद 19) क्रीज पर थे। शेल्डन जैक्सन सौराष्ट्र के लिए तीसरे दिन 245 गेंदों में 160 रन बनाकर स्टार परफॉर्मर रहे। उन्होंने अर्पित वासवदा के साथ चौथे विकेट के लिए 232 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी भी की। इससे पहले कर्नाटक ने दिन की शुरुआत अच्छी की। इसमें विधवथ कावेरप्पा ने विश्वराज जडेजा को 22 रन पर आउट कर दिया। हालांकि, जैक्सन और वासवदा ने सौराष्ट्र की वापसी कराई और उन्हें खेल में नियंत्रण भी दिया। कृष्णप्पा गौतम दिन के दौरान एक विकेट लेने वाले कर्नाटक के एकमात्र अन्य गेंदबाज थे। उन्होंने जैक्सन को चलता किया। वहीं, इंदौर में दूसरे सेमीफाइनल में आकाश दीप ने रणजी ट्रॉफी 2022-23 में पांच विकेट लेकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। इससे बंगाल ने मध्य प्रदेश पर अपना दबदबा कायम रखा। दिन का खेल खत्म होने तक बंगाल का स्कोर 2 विकेट पर 59 रन था और उसके सामने 327 रन थे। आकाश ने मध्य प्रदेश की बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस कर दिया। सारांश जैन, रजत पाटीदार, कुमार कार्तिकिय, यश दुबे और अवेश खान के विकेट चटकाए। इसके अलावा शाहबाज अहमद, मुकेश कुमार और ईशान पोरेल ने भी विकेट चटकाए, जिससे बंगाल की टीम 79 ओवर में 170 रन पर ऑलआउट हो गई। जैन ने 65 रनों की अपनी पारी के साथ एमपी के लिए शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि शुभम शर्मा 44 रन बनाकर नाबाद रहे।



# कियारा के भाई मिशाल ने दिखाई संगीत फंक्शन की झलक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की शाही अंदाज में संपन्न हुई शादी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आ चुकी हैं। कपल ने अभी तक प्री-वेडिंग जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। सिद्धार्थ और कियारा ने सात फरवरी को जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में शादी की थी। उनकी शादी किसी फेयरीटेल से कम नहीं थी और इसका सबूत शेयर किए गए अब तक के गाया था। इस पर रिएक्ट करते हुए कियारा ने कमेंट सेक्शन में अपना प्यार भेजा और जवाब में इमोजी भी डाले। इसके बाद कियारा की दोस्त अनीशा मल्होत्रा ने कमेंट किया, 'आपने इसमें मार डाला।' मिशाल की



फंक्शन के क्लिप शेयर नहीं किए हैं। मगर अभी तक जितने भी फोटो या वीडियो सामने आए, वह सभी फैंस को काफी पसंद आए हैं। इस बीच कियारा आडवाणी के भाई मिशाल का वीडियो सामने आया है। मिशाल आडवाणी ने सिद्धार्थ-कियारा की वेडिंग में स्पेशल परफॉर्मेंस दी थी। वह पेशे से रैपर हैं और संगीत के लिए काफी जुनूनी हैं। अपने इसी लगाव की झलक पूरे देश को दिखाने के लिए उन्होंने बहन कियारा की शादी में स्पेशल परपॉर्मेंस दी थी, वीडियो और फोटो में देखा जा सकता है। इन एक्टर्स की शादी में बॉलीवुड के कई सितारे शामिल हुए और सबने स्पेशल परफॉर्मेंस दी। इसी तरह कियारा के भाई मिशाल ने भी बहन की शादी को यादगार बनाने के लिए गाना गाया, जिसका वीडियो उन्होंने फैंस के साथ शेयर किया है। मिशाल ने कियारा की संगीत सेरेमनी में गाना गाया था। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'तेरी आंखों से याद आया मेरी आंखों में प्यार।' मिशाल ने यही गाना कियारा की शादी में सिंगिंग को फैंस ने पसंद तो किया मगर इससे भी ज्यादा उन्हें वेडिंग एल्बम से कुछ नई तस्वीरों और वीडियो को देखनी की है। जैसलमेर में ठाट बाट के साथ शादी करने के बाद यह न्यूली वेड कपल 12 फरवरी को मुंबई में रिसेप्शन देगा। इससे पहले कपल ने दिल्ली में दोस्तों और रिश्तेदारों को रिसेप्शन दिया था। कैजुअल लुक में उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई थीं। अब मुंबई में दूसरी रिसेप्शन पार्टी होगी, जिसमें एंगेजमेंट जगत से कई सारे सितारे शामिल होंगे।

# फिनाले से पहले अर्चना गौतम का 9 साल पुराना वीडियो हुआ वायरल एक्ट्रेस को पहचान पाना होगा मुश्किल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 16' के फिनाले में अब महज एक दिन ही बाकी है। बीच इस वक्त ट्रॉफी को लेकर कड़ी टक्कर देखी जा सकती है। वहीं, अब फिनाले से पहले कंटेस्टेंट अर्चना



कल यानी 12 फरवरी 'बिग बॉस 16' का फिनाले है। 4 महीने के लंबे इंतजार के बाद कल सीजन 16 को इसका विनर मिल जाएगा। हर कोई अपने फेवरेट कंटेस्टेंट के सिर पर विनर का ताज देखने के लिए बेताब है। फिनाले में 5 कंटेस्टेंट प्रियंका चाहर चौधरी, शिव ठाकरे, एमसी स्टेन, अर्चना गौतम और शालीन भनोट पहुंच चुके हैं। इन पांचों के गौतम का एक थ्रोबैक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस को देखकर पहचान पाना मुश्किल होगा। बिग बॉस 16' कंटेस्टेंट अर्चना गौतम का फिनाल से पहले एक 9 साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अर्चना को देखकर पहचान पाना आपके लिए बेहद मुश्किल होगा। अर्चना का ये सालों पुराना ऑडिशन वीडियो है। बता दें कि अर्चना बिग बॉस से पहले एक और रियलिटी शो में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने 9 साल पहले रीलजन्ल शो 'सेल्स का बाजीगर' में भाग लिया था, जिसके जज रवि किशन थे। ऑडिशन में अर्चना के जवाब से रवि किशन काफी इंप्रेस होते नजर आ रहे हैं और उसकी सराहना करते हैं। रीलजन्ल शो 'सेल्स का बाजीगर' के वीडियो में रवि किशन को अपने सामने देखकर अर्चना काफी एक्साइटेड नजर आ रही हैं। इस दौरान रवि किशन कहते हैं, 'बहुत अच्छा, जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमेशा अपने काम को प्राथमिकता के रूप में रखना चाहिए।वीडियो में आप देख सकते हैं कि रवि किशन को देखकर अर्चना गौतम इतनी एक्साइटेड हो जाती हैं कि उनके मुंह से कुछ निकल ही नहीं रहा था। तभी वो जज की कुर्सी पर बैठे रवि किशन को बताती हैं कि वो रियल एस्टेट में काम करती हैं। वहीं, रवि किशन ने पूछा कि क्या सेल करती हैं आप इस पर अर्चना गौतम ने कहा कि वह रियल स्टेट कंपनी में हैं और फ्लैट और प्लॉट सेल करती हैं। अर्चना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर फैंस के जमकर कमेंट्स आ रहे हैं।

# कार्तिक आर्यन की 'शहजादा' को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी,यू एस ए सर्टिफिकेट के साथ हुई पास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। पिछले साल रिलीज हुई उनकी फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन किया था। इसके बाद उनकी




ओटीटी रिलीज फ्रेडी में भी कार्तिक के अभिनय की लोगों ने जमकर तारीफ की। अब ये डैशिंग स्टार अपनी फिल्म शहजादा के साथ सिनेमाघरों में दस्तक देने वाले हैं। सेंसर बोर्ड से शहजादा हुई पास रोहित धवन के निर्देशन में बनी शहजादा में कृति सेनन भी हैं। ये फिल्म पहले 10 फरवरी को रिलीज होने वाली थी, बाद में फिल्म की रिलीज डे को टाल कर 17 फरवरी कर दिया गया था। अब सिनेमाघरों में इस शुक्रवार कार्तिक आर्यन अपनी शाहजादा लेकर आ रहे हैं। ये इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। सेंसर बोर्ड से भी फिल्म को पास कर दिया दया है।खबर है कि सीबीएफसी (सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन) ने फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट के साथ मंजूरी दे दी है। शहजादा को 145.27 मिनट यानी 2 घंटे, 25 मिनट 27 सेकंड के रन टाइम के साथ पास किया गया है। ये फिल्म 2020 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन स्टारर अला वैकुंठप्रेमुलु की हिंदी रीमेक है। शहजादा, एक्शन, ड्रामा, कॉमेडी और रोमांस के साथ एक ऑल-आउट एंटरटेनर भी है। रिलीज के साथ ही फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट है। कार्तिक आर्यन के फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शहजादा का सॉन्ग कैरेक्टर ढीला 2.0' सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। ये गाना फिल्म के लास्ट क्रेडिट में दिखाया जाएगा जो कि बहुत कुछ 'भूल भुलैया' के टाइटल ट्रैक की तरह। कार्तिक की नेक्स्ट फिल्म है 'सत्य प्रेम की कथा'। इसके अलावा शहाजाद आशिकी 3 में भी दिखाई देंगे।

# जितेंद्र संग फ्लर्ट करना पड़ता था एक्ट्रेस को भारी, अभिनेत्री मुमताज ने बताई इसका अनकहा राज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 70 के दशक में मुमताज बेहतरीन अदाकाराओं में से एक मानी जाती थीं। फैंस में उनकी गजब की दीवानगी थी। ऐसे में मुमताज का नाम भी राजेश खन्ना और शम्मी कपूर जैसे



कई बॉलीवुड सुपरस्टार्स के साथ जुड़ा। अब मुमताज ने जितेंन्द्र को लेकर नया खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने सालों बाद बताया है कि क्यों जितेन्द्र के साथ फ्लर्ट करना किसी चुनौती से कम नहीं था। मुमताज ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में ये बताया है कि 70 के दशक में जितेन्द्र से फ्लर्ट करना बहुत मुश्किल था। क्योंकि, उनकी गर्लफ्रैंड शोभना बहुत पजेसिव थीं। उनके साथ कोई फ्लर्ट नहीं कर सकता था। उन्होंने टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में बताया, 'जितेन्द्र के साथ फ्लर्ट होना मुश्किल था। उनके साथ कोई फ्लर्ट नहीं कर सकता था। उनकी गर्लफ्रेंट उन्हें लेकर बहुत पजेसिव थीं। वो उनसे शादी करना चाहती थीं पर, जितेन्द्र मेरे लिए बहुत अच्छे थे। उस समय हिरोइनों का वर्ताव मेरे साथ अच्छा नहीं होता था। फिर भी मैं खुश रहती थी।' मुमताज ने राजेश खन्ना और अंजू महेन्द्रू के रिश्ते के बारे में बात करते हुए बताया, 'मुझे ये जानकर आश्चर्य हुआ कि वो राजेश खन्ना की बहुत अच्छी तरह से देखभाल करती थीं। वो वास्तव में उनकी केयर करती थीं। मयूर और मैं राजेश खन्ना से मिलने जाया करते थे और दोनों के साथ डिनर और ड्रिंक भी किया करते थे। मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि वो अलग हो जाएंगे। आप उनके जैसी किसी महिला के साथ सिर्फ एक दिन में रिश्ता कैसे खत्म कर सकते हैं। उनका ऐसा करना ठीक नहीं था। अगर आपकी किसीसे नहीं बन रही है तो आपको उस व्यक्ति को कॉल करना चाहिए, उससे मिलना चाहिए और उसे अपनी बात बतानी चाहिए।बता दें कि 7 साल तक अंजू महेन्द्रू के साथ रिलेशनशिप में रहे राजेश खन्ना ने उनसे अलग होने के एक साल बाद ही 15 साल छोटी डिंपल कपाड़िया से शादी कर ली थी।शादी के बाद मुमताज ने छोड़ी एक्टिंग मुमताज ने साल 1974 में मयूर मेधवानी से शादी की थी जिसके बाद उन्होंने एक्टिंग से दूरी बना ली। वहीं जितेन्द्र ने 1974 में गर्लफ्रेंड शोभना से शादी की थी। अब दोनों दो माता-पिता और दादा-दादी की रिस्पॉन्सिबिलिटी संभाल रहे हैं।

# एक्सीडेंट के बाद ऋषभ पंत ने शेयर की पहली फोटो, उर्वशी नहीं, इस रूमर्ड गर्लफ्रेंड के कमेंट ने खींचा ध्यान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत रोड एक्सीडेंट होने के बाद से खेल से दूर हैं। पंत ने काफी समय बाद अपनी तस्वीर शेयर की है। रोड एक्सीडेंट के बाद उनकी कोकिलाबेन अस्पताल में सर्जरी हुई थी, जिसके बाद से वह सोशल मीडिया पर काफी दिनों फोटो पर कई फैंस और सेलेब फ्रेंड्स के कमेंट आए हैं, लेकिन ईशा नेगी का कमेंट सबसे ज्यादा ध्यान खींच रहा है। ईशा ने ऋषभ पंत को फाइटर कहा है। इसी के साथ रेड हार्ट वाली इमोजी भी उनके लिए शेयर की है। ऋषभ पंत के एक्सीडेंट के बाद ईशा नेगी भी काफी समय से सोशल मीडिया पर एक्टिव नहीं



तक एक्टिव नहीं थे। उस सर्जरी के बाद पंत ने अपनी पहली फोटो शेयर की है, जिस पर उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड ईशा नेगी के कमेंट ने सबका ध्यान आकर्षित किया है। ऋषभ पंत ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन दिया, 'एक कदम आगे, एक कदम मजबूत और एक कदम बेहतर।' उनके पैर में प्लास्टर चढ़ा है और वह बैसाखी के सहारे चल रहे है। उनकी तस्वीर देखकर लग रहा है कि उन्होंने काफी हद तक रिकवर कर लिया है। उनकी थीं। उन्होंने एक महीने पहले इंस्टाग्राम पर आखिरी पोस्ट किया था। एक्सीडेंट से पहले तक ऋषभ पंत का नाम एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला के साथ काफी जुड़ा था। उनके एक्सीडेंट से पहले एक्ट्रेस ने काफी कुछ ऐसा पोस्ट किया था, जिसे सीधे तौर पर ऋषभ पंत के साथ जोड़ कर देखा जा रहा था। दोनों के रिलेशन में होने की खबरें काफी आती रही हैं। हालांकि, दोनों ने कभी इस पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा।

# पहली बार 5 घंटे तक चलेगा एपिसोड, जानें कब, कहां और कैसे देख सकते हैं ग्रैंड फिनाले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 16 का ग्रैंड फिनाले बस कुछ ही घंटों की दूरी पर है। घर में मौजूद टॉप 5 कंटेस्टेंट्स में से किसे यह ट्रॉफी मिलेगी, इसका खुलासा 12 फरवरी की शाम को होगा। इस बार का ग्रैंड बहुत कुछ खास होने वाला है। मेकर्स ने इसकी एक झलक भी वीडियो के जरिये दिखाई है। ग्रैंड फिनाले में एक्स कंटेस्टेंट्स अपने पसंदीदा घरवाले को चियर अप करने के लिए आएंगे। उनका हौसला बढ़ाने के लिए वह एक्साइटिंग डांस परफॉर्मेंस भी देने गौतम तक नए-पुराने हर तरह के गानों पर परफॉर्मेंस देते नजर आने वाले हैं। शालीन-अर्चना देंगे स्पेशल परफॉर्मेंस शालीन भनोट 'बिजली' गाने पर डांस करने वाले हैं। वहीं, अर्चना गौतम अनारकली सूट में 'बिजली गिराने' गाने पर डांस करती देखी



फिनाले पिछले सीजन से काफी अलग और बहुत ज्यादा धमाकेदार होने वाला है। मेकर्स ने दर्शकों के लिए खास इवनिंग का इंतजाम किया है, जिसमें एक से बढ़कर एक परफॉर्मेंस दी जाएगी। ऐसा पहली बार होगा कि बिग बॉस का फिनाले एपिसोड दो या तीन घंटे नहीं बल्कि पूरे पांच घंटे चलने वाला है। 12 फरवरी के एपिसोड में वाले हैं। सिर्फ वही नहीं, बल्कि खुद मौजूदा कंटेस्टेंट्स भी ऑडियंस के लिए एक से बढ़कर एक गानों पर कदम थिरकाते नजर आने वाले हैं। बिग बॉस 16 का ग्रैंड फिनाले 12 फरवरी की शाम 7 बजे से होगा। ऐसा पहली बार हो रहा है जब फिनाले एपिसोड पांच घंटे का चलेगा। इस दौरान शालीन भनोट से लेकर अर्चना जाएंगी। इन कंटेस्टेंट्स के साथ ही एक्स कंटेस्टेंट्स भी अपनी उपस्थिती दर्ज कराएंगे। सुम्बुल तौकीर खान , अंकित गुप्ता और कई सारे एक्स कंटेस्टेंट्स ग्रैंड फिनाले में धमाकेदार परफॉर्मेंस देने वाले हैं। बिग बॉस 16 का फिनाले कलर्स चैनल पर शाम 7-12 बजे तक देखा जा सकता है।

# गुलमोहर का ट्रेलर हुआ रिलीज मनोज वाजपेयी की मां के रोल में दिखीं शर्मिला टैगोर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मनोज वाजपेयी की मोस्ट अवेटेड मूवी गुलमोहर का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि फिल्म से शर्मिला टैगोर 12 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर



रही हैं। फिल्म का ट्रेलर काफी दिलचस्प और पेचीदा सा लग रहा है। फैमिली ड्रामा पर बेस्ड ये फिल्म हॉटस्टार पर रिलीज होगी। मनोज बाजपेयी ने फिल्म के ट्रेलर को पोस्ट करते हुए लिखा, 'मेरी बत्रा फैमिली, आपको अपने परिवार के साथ स्वागत करती है।' मनोज वाजपेयी फिल्म में एक फैमिली मैन के रोल में नजर आएंगे। फिल्म में वो एक बेटे, पति और पिता का रोल प्ले करते दिखेंगे। गुलमोहर फिल्म बत्रा परिवार की कहानी है। जिसमें मनोज वाजपेयी एक पिता के रोल में तो वहीं शर्मिला टैगोर उनकी मां के रोल में नजर आ रही हैं। ट्रेलर में फिल्म की कहानी अपनी-अपनी परेशानियों में उलझे परिवार की दिख रही है। जिसमें परिवार की बड़ी सदस्य ने अपना पुराना घर बेचकर पांडिचेरी में नया घर खरीदा है, और परिवार के साथ वहीं रहने का निर्णय लिया है। लेकिन, उनका पोता परिवार के साथ नहीं रहना चाहता। बस यहीं बाप बेटे के रिश्ते में खटास आ जाती है और इस तरह कहानी आगे बढ़ती है। ट्रेलर में मनोज वाजपेयी की शानदार एक्टिंग देखने को मिल रही है ब्रह्मास्त्र पार्ट वनः शिवा की सफलता के बाद स्टार स्टूडियोज के बैनर तले फिल्म गुलमोहर का निर्माण हुआ है। फिल्म में नेशनल अवॉर्ड विनर शर्मिला टैगोर, मनोज वाजपेयी, सिमरन, सूरज शर्मा अमोल पालेकर लीड रोल में नजर आएंगे। वहीं फिल्म की रिलीज की बात करें तो ये फिल्म 3 मार्च को डिज्नीहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

# संघर्ष 2' का फर्स्ट लुक जारी, शर्टलेस देख फैंस ने खेसारी लाल यादव को कहा 'सलमान खान'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भोजपुरी फिल्म जगत के हिट मशीन खेसारी लाल यादव का धांसू अंदाज बस देखते ही बन रहा है। उनका लुक रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है।



की फिल्म 'गॉडफादर' के बाद अब उनकी एक और नई फिल्म का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। 'गॉडफादर' के बाद अब निर्माता रत्नाकर कुमार और निर्देशक पराग पाटिल की मच अवेटेड फिल्म 'संघर्ष 2' से खेसारी लाल का फर्स्ट लुक रिलीज किया गया है। 'संघर्ष 2' के फर्स्ट लुक में खेसारी लाल यादव निर्माता रत्नाकर कुमार की फिल्म 'संघर्ष 2' के फर्स्ट लुक में खेसारी लाल यादव को शर्टलेस देखा जा सकता है। वहीं, इस तस्वीर के बैकग्राउंड में तबाही वाला दृश्य देखा जा सकता है, जिससे साफ पता चल रहा है कि ये एक धमाकेदार एक्शन फिल्म है। इस फिल्म का फर्स्ट लुक फैंस काफी चर्चा में बनी हुई है। वहीं, ये इस बात की ओर इशारा करती है कि खेसारी लाल यादव की फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाली है। संघर्ष 2' एक्शन पैक्ड मूवी है, जिसकी प्रस्तुति जितेंद्र गुलाटी और वर्ल्ड वाइड चैनल कर रही है। फिल्म के प्रोड्यूसर निवेदिता कुमार और कुलदीप श्रीवास्तव हैं। इस फिल्म को पराग पाटिल ने निर्देशित किया है। संघर्ष का पहला पार्ट भी ब्लॉकबस्टर था। वहीं, अब 'संघर्ष 2' के सीक्वल को लेकर काफी चर्चा बनी हुई है। बता दें कि 'संघर्ष 2' का टीजर 14 फरवरी यानी वेलेंटाइन डे पर रिलीज होगा। टीजर वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड भोजपुरी के यूट्यूब चैनल से रिलीज होगा। 'संघर्ष 2' में खेसारी लाल यादव के साथ मेघा श्री, माही श्रीवास्तव, कीर्ति यादव, सबा खान, वरण्या मल्होत्रा, सुशील सिंह, संजय पांडे, विनीत विशाल, अनूप अरोड़ा, विनोद मिश्रा, सामर्थ चतुर्वेदी, जे नीलम, रोहित सिंह मटरू, पप्पू यादव, सुबोध सेठ, मनीष चतुर्वेदी, वैभव राय, अक्की, संजीव मिश्रा, यादवेंद्र यादव, ओ पी कश्यप मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, फिल्म के गानों में शानदार लिरिक्स और म्यूजिक कृष्णा बेदर्दी ने दिया है।

# विनर रुबीना दिलैक की तबीयत बिगड़ते ही चेहरे का हुआ बुरा हाल, तस्वीर देख घबराए फैंस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस और 'बिग बॉस 14' विनर रुबीना दिलैक हमेशा ही सुर्खियों में बनी रहती हैं। रुबीना 'बिग बॉस 14' की ट्रॉफी जीतने के बाद काफी चर्चा है। रुबीना दिलैक की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। रुबीना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट फोटोज पोस्ट की हैं, जिसमें उनका चेहरा और उनके होंठ सूजे हुए हैं। वहीं, उनका पूरा फेस और



में आ गई थीं। रुबीना कई टीवी शोज के साथ कई रियलिटी शोज में भी नजर आ चुकी हैं। एक्टिंग के साथ रुबीना सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी हॉट एंड बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। वहीं, अब रुबीना की एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसे देखकर उनके फैंस काफी परेशान नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में उनके चेहरे का बुरा हाल साफ देखा जा सकता आंखें भी लाल नजर आ रही हैं। उनकी ये तस्वीरें देखकर फैंस काफी परेशान दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर रुबीना की ये तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। रुबीना दिलैक ने अपनी इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखकर बताया है कि आखिर उनके साथ क्या हुआ है। रुबीना ने लिखा, 'बुखार, गले में खराश, इन्फेक्शन और सूजे हुए होंठ मैं किसी बतख की तरह लग रही हूं। अपना हाल देखकर खुद पर हंसी और गुस्सा, दोनों आ रहा है।' इस कैप्शन से साफ पता चल रहा है कि रुबीना इस वक्त किस तकलीफ से गुजर रही हैं। उनकी इन तस्वीरों पर कमेंट कर फैंस उनके जल्दी ठीक होने की दुआ मांग रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, 'हिरोइन को भी बीमारी होती है क्या?' एक ने लिखा, 'प्लास्टिक सर्जरी गलत हो गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
**श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.**
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2018-20
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।